वर्ष 69 अंक 170 पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च, 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सफलता अंतिम नहीं है और
असफलता घातक नहीं है।
मायने रखता है तो बस
आगे बढ़ने का साहस।
-अज्ञात

## ऑफ बीट

### एक साथ खरीदी 4 लॉटरी टिकट, चारों में जीता



*अमेरिका के साउथ कैरोलिना से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां एक महिला ने ऐसा कारनामा कर दिखाया जिसे सुनकर हर कोई हैरान है, इस महिला ने एक ही बार में चार लॉटरी टिकट खरीदे और हैरानी की बात यह रही कि चारों टिकट जीतने वाले निकले। यह घटना अब सोशल मीडिया पर चर्चा का बड़ा विषय बन चुकी है और लोग इसे किस्मत का कमाल बता रहे हैं। महिला ने बताया कि उसने ये टिकट लिबर्टी शहर के वेस्ट मेन स्ट्रीट पर स्थित स्टॉप-अ-मिनिट स्टोर से खरीदे थे, उसने 5-5 डॉलर के चार स्क्रैच-ऑफ टिकट लिए थे। आमतौर पर ऐसे टिकट छोटे इनाम देते हैं, लेकिन इस बार कहानी बिल्कुल अलग थी। महिला ने यह टिकट सिर्फ यूं ही खरीदे थे, लेकिन उसे अंदाजा नहीं था कि यह फैसला उसकी जिंदगी बदल देगा। महिला के मुताबिक, पहले दो टिकट से उसे कुल 20 डॉलर मिले। तीसरे से 5 डॉलर का इनाम मिला, लेकिन चौथे टिकट ने किस्मत बदल दी। यह 'नियॉन जैकपॉट' गेम का टिकट था, जिसमें उसे 2 लाख डॉलर का बड़ा जैकपॉट मिल गया।*






## 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट: सेंसेक्स 2497, निफ्टी 776 अंक टूटा

# शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के 13 लाख करोड़ से अधिक डूबे

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में गुरुवार को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26 फीसदी) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26 फीसदी) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74 फीसदी गिरा था। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कल के 439 लाख करोड़ से घटकर आज 426 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। यानी सिर्फ एक दिन में निवेशकों की वेल्थ में 13 लाख करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है।

**एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, शेयर 5 फीसदी गिरा:** एचडीएफसी बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने देर रात पद से इस्तीफा दे दिया। इससे आज इसके शेयर में 5.11 फीसदी की गिरावट रही। ये 43 रुपए गिरकर 800 रुपए पर आ गया है। चक्रवर्ती ने बैंक के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए हैं। इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा-पिछले दो साल के दौरान मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाओं और तौर-तरीकों को देखा है, जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाते। चक्रवर्ती के जाने के बाद रिजर्व बैंक की मंजूरी से केकी मिस्त्री को 19 मार्च से तीन महीने के लिए अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया। मिस्त्री बैंक के बोर्ड में नॉन-ईडी काम कर रहे थे।

### बाजार गिरने की तीन बड़ी वजहें




- अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।
- अमेरिका, एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

### एशियाई बाजार में गिरावट

- जापान का निक्केई इंडेक्स 3.38 फीसदी गिरा, 53,372 पर बंद हुआ।
- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 2.73 फीसदी गिरा, 5,847 पर बंद।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.02 फीसदी गिरकर 25,500 के अंक पर बंद हुआ।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.39 फीसदी नीचे 4,006 पर बंद हुआ।

### अमेरिकी बाजार में 18 मार्च को गिरावट रही

- डाउ जोन्स 768 अंक (1.63 फीसदी) गिरकर 46,225 के स्तर पर बंद हुआ।
- टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.46 फीसदी गिरकर 22,152 पर बंद हुआ।
- एसएंडपी 500 इंडेक्स 91 अंक (1.36 फीसदी) गिरकर 6,624 पर बंद हुआ।

### गैस की कीमतों में 30 फीसदी तक का उछाल

ईरान की ओर से खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर नए हमलों के बाद गुरुवार को ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में 30 फीसदी तक की तेजी रही। जंग शुरू होने के बाद से भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई हैं। इसके बढ़ने से भारत में गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते हैं।

### चांदी 20 हजार गिरी सोना भी 7 हजार सस्ता

सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट रही। एक किलो चांदी की कीमत 20 हजार घटकर 2.30 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार गिरकर 1.48 लाख पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.55 लाख प्रति 10ग्राम था।

### भारत में क्रूड की कीमतें 146 डॉलर के करीब

पश्चिम एशिया में जंग से पहले 27 फरवरी को इंडियन बास्केट क्रूड की कीमतें 71 डॉलर थी, जो 18 मार्च को बढ़कर 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। वहीं, इंटरनेशनल बेचमार्क ब्रेंट क्रूड 73 डॉलर के नीचे था। आज इसकी कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है।

### एक-दो हफ्ते तक यही तेजी रही तो कीमतें बढ़ाने का होगा दबाव

भारत जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल और 50 फीसदी से ज्यादा गैस आयात करता है, इसलिए वहां की हर हलचल हमारी जेब और इकोनॉमी पर असर डालती है। अगर कच्चा तेल इसी स्तर पर बना रहा, तो सरकारी तेल कंपनियों के लिए मौजूदा कीमतों पर पेट्रोल-डीजल बेचना मुश्किल होगा। ऐसे में आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 से 15 रुपए तक की बढ़ोतरी का दबाव बन सकता है। सरकारी तेल कंपनियों ने फिलहाल मार्जिन को कम या घाटा सहकर कीमतों को कंट्रोल में रखा है। हालांकि, इसके बावजूद अगर अगले 1-2 हफ्ते तक क्रूड इसी स्तर पर बना रहता है, तो सरकार के पास दाम बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा।

# परंपरा, आधुनिकता के संतुलन से राज्य को बनाएंगे समृद्ध: सीएम

## तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का इंदौर से आगाज

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ राज्य को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि आने वाली पीढ़ी को गौरवशाली विरासत के साथ बेहतर भविष्य मिल सके। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी सनातन संस्कृति की सबसे पवित्र धारा का अभियान है। मुख्यमंत्री गुरुवार को इंदौर के इस्कॉन मंदिर पसिसर में जलगंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र नदियों का मायका है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं।

मां नर्मदा के पवित्र जल से मप्र के साथ गुजरात में भी आनंद की धारा बह रही है। हमारी नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ोसी राज्य राजस्थान, उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा है। जल संचय के अभियान में देशभर के जल स्त्रोतों के विकास कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। पिछले वर्षों में प्रदेश में लाखों जल संरचनाओं पर कार्य किया गया है। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान केवल सरकारी नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन होना चाहिए। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की नगरी के इस्कॉन मंदिर से हो रही है।



### कुएं-बावड़ी का जीणोद्धार करना होगा

सीएम ने कहा, इंदौर के जानापाव से निकली चंबल आगे बढ़कर यमुना में मिलकर गंगा जी की धारा को समृद्ध करती है। हमारी नदियां शरीर की रक्त धमनियों की तरह है, जो पृथ्वी माता को जीवन देती हैं। ब्रह्मांड में जल के महत्व से हम सभी परिचित हैं। अगर जीवन को सफल करना है, तो प्राचीन समय के उन कुएं, नदियां, तालाब, बावड़ी का जीर्णोद्धार करना होगा। डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक संसाधन जीवन को सुखद और आनंदमय बनाने के लिए हैं। बिजली से एसी चलाते समय खिड़की-दरवाजे बंद रहने से संकट की स्थिति भी बन सकती है, इसलिए घरों में बिजली के सर्किट, कॉमर्शियल लाइनें और उपभोक्ताओं की लाइनों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। इलेक्ट्रिक व्हीकल की चार्जिंग के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# मल्होत्रा विधायक बने रहेंगे, पर वेतन नहीं

- सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट का फैसला खारिज
- शर्तें-राज्यसभा चुनाव में वोटिंग नहीं डाल सकेंगे, वेतन भी नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मप्र की विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखते हुए मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मल्होत्रा को राहत तो दी लेकिन अंतिम फैसला आने तक पाबंदियां भी लगाई हैं। ऐसे में मल्होत्रा जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए वोट नहीं डाल पाएंगे। जब तक कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन, भत्ते नहीं दिए जाएंगे। अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।






## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश के पहले विस अध्यक्ष को किया याद

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले अध्यक्ष स्व. कुंजीलाल दुबे को विधानसभा परिसर में उनकी जन्मजयंती पर याद किया गया। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनके जीवनकाल पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परंपराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव विधानसभा अरविन्द शर्मा तथा भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. पं. दुबे के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### समग्र शिक्षा के लिए प्रदेश को मिले 688.44 करोड़

**विसं, भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदेश को समग्र शिक्षा के लिए 688.44 करोड़ की चौथी किश्त जारी कर दी है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है,जिसे केन्द्रीय योजना की चौथी और अंतिम किश्त जारी की गई है। स्कूल शिक्षा उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पूरी लगन और तत्परता से कार्य कर रही है। हमने प्रदेश में विद्यार्थी हित की समस्त योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। शासन का निरन्तर प्रयास रहता है कि स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए कहीं भी धन की कमी नही आने दी जाए।

### मान्यता के लिए 25 तक आवेदन कर सकेंगे कालेज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के निजी कॉलेजों की आगामी सत्र 2026-27 की मान्यता और नवीनीकरण करने के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग ने सभी निजी कालेजों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित प्रारूप में 25 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि बीतने के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आवेदन मिलने के बाद कॉलेजों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षकों की उपलब्धता, बुनियादी सुविधाएं और अन्य आवश्यक मानकों की जांच की जाएगी। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित कॉलेजों को मान्यता या नवीनीकरण की स्वीकृति दी जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन कॉलेजों की मान्यता अवधि समाप्त हो चुकी है। या फिर समाप्त होने वाली है, उन्हें समय सीमा के भीतर आवेदन करना अनिवार्य होगा।

### अरुण आजाद मप्र मजदूर मंच के अध्यक्ष चुने गए

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में आयोजित मजदूरों की बैठक में मजदूरों ने मजदूर नेता अरूण आजाद को मप्र मजदूर मंच का नवनियुक्त अध्यक्ष चुना है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि अरुण आजाद प्रदेश के समस्त विभागों के निगम मंडलों के श्रमिकों दैनिक वेतन भोगियों एवं मजदूरों के अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष तक कार्य करेंगे। मजदूर नेता अरुण आजाद प्रदेश के श्रमिकों दैनिक वेतन भोगी एवं मजदूरों की समस्याओं एवं मांगों के लिए शासन प्रशासन स्तर पर संघर्ष करने पहल करने के लिए अधिकृत रहेंगे।

# कलेक्टर बनाने के मामले में मप्र दूसरे राज्यों से पीछे, 10 साल तक इंतजार

## छग में 5 से 7 साल में, उड़ीसा में 5 से 6 साल में बन रहे कलेक्टर, मप्र में युव अधिकारियों को नहीं मिल रहा मौका

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के युवा अधिकारियों को कलेक्टर बनाने के मामले में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में काफी पीछे है। स्थिति यह है कि मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारियों को जिलों की कमान मिलने के लिए 7 से 9 वर्षों तक का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि अन्य कई राज्यों के जिलों में तीन से चार साल के आईएएस अफसर कलेक्टरी संभाल रहे हैं। गौरतलब है कि अमूमन 4 से 6 साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को कलेक्टर बनने का मौका मिलता है। ऐसा पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड और उड़ीसा जैसे राज्यों में हो भी रहा है। इतने वर्ष की सेवा करने वाले अधिकारी जिलों की कमान संभालने लगते हैं। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 बैच के अधिकारी कलेक्टर बनाए गए हैं, तो राजस्थान में वर्ष 2016 और उड़ीसा में वर्ष 2018 बैच के अधिकारी कलेक्टर बने हुए हैं। लेकिन मध्यप्रदेश में अब तक 2014 बैच के आईएएस अधिकारियों को जिलों की कमान मिल सकी है। यानि कि उन्हें 8 साल बाद कलेक्टर बनने का मौका मिला।



### 10 साल से इंतजार में हैं आईएएस

ऐसी स्थिति में यदि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2015, 2016 और 2017 बैच के अधिकारियों को कलेक्टर बनाया जाता है, तो उन्हें अपनी सेवा अवधि के क्रमशः10, 9 और 8 साल बाद ही कलेक्टर बनने का मौका मिल पाएगा। इनमें से कई अधिकारी राज्य के जिला पंचायतों, नगर निगमों, मंत्रालय में उपसचिव या फिर संचालनालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन सभी को कलेक्टर बनने का इंतजार है।

### जताया है भरोसा

राज्य की पिछली सरकारों की तुलना में मौजूदा सरकार ने युवा आईएएस अफसरों पर भरोसा जताया है। सरकार नई पीढ़ी के आईएएस अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रही है। संभावित प्रशासनिक सर्जरी में ज्यादातर युवा अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी जा सकती है। यानि कि वर्ष 2015 से 2020 बैच के आईएएस अधिकारी जिलों के कलेक्टर बनाए जा सकते हैं।

### महिला को प्राथमिकता

मप्र के 17 जिलों की कमान महिला आईएएस के पास है। बड़े निकायों में भी महिला आईएएस बतौर कमिश्नर पदस्थ हैं। पहली बार इस सरकार के कार्यकाल में संभव हो सका है कि इतनी महिला आईएएस अधिकारी कलेक्टर हैं। कई जिलों में तो दो से तीन साल से महिला जिले की कमान संभाले हुए हैं। कई अहम विभागों की मुखिया भी महिला अधिकारी पदस्थ हैं।

### जिला पंचायतों में भी नए अफसरों को मौका

प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार जिला पंचायतों में प्रमोटी आईएएस अधिकारियों के स्थान पर नए बैच के अधिकारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के तौर पर पदस्थ कर सकती है। जानकारों की मानें तो किसी भी अधिकारी को कलेक्टर बनाने से पहले प्रशासनिक अनुभव के लिए एसडीएम राजस्व से लेकर सहायक कलेक्टर या फिर जिला पंचायतों का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया जाता है। कई बार आईएएस अधिकारियों को संचालनालय में ऐसे पद पर बैठाया जाता है, जो सीधे जनता से या विकास कार्यो से जुड़े होते हैं, जिससे उन्हें पब्लिक जिम्मेदारियों की सीख मिलती है। निकायों में भी आईएएस अधिकारियों को भेजकर उन्हें विकास कार्यो के तरीकों से अवगत कराया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला विजयपुर में लोकतंत्र की जीत: पटवारी

## मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखने के निर्णय का स्वागत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेश मुखिया जीतू पटवारी ने कहा कि विधायक मुकेश मल्होत्रा मामले में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय विजयपुर में लोकतंत्र की विजय है।



उन्होंने यह फैसला सत्य, न्याय और संविधान की जीत है। पटवारी ने मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला जनता के जनमत, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की गरिमा की रक्षा का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश में संविधान सर्वोपरि हैऔर किसी भी प्रकार के राजनीतिक षडयंत्र के आगे न्याय नहीं झुकता। पटवारी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के सियासी षडयंत्र बेनकाब हुए हों। इसके पहले भी राज्य में जनप्रतिनिधियों को डराने, दबाव बनाने और जनादेश को पलटने की कोशिशें सामने आई हैं। भाजपा सरकार लगातार जनभावनाओं के खिलाफ कार्य करती रही हैं, जबकि कांग्रेस ने हमेशा संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

### केंद्रीय मंत्री चौहान से पटवारी ने पूछे 7 सवाल

जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से 7 सवाल किए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भले ही 207 बार किसानों का नाम लिया हो,लेकिन उनके लिए काम क्या। एमएसपी की कानूनी गांरटी का क्या हुआ। किसान संगठन स्वामीनाथन आयोग के फॉमूले के तहत एमएसपी की कानूनी गांरटी की मांग कर रहे हैं,उसका क्या हुआ। एमएसपी पर सभी फसलों की खरीद सुनिश्चित नहीं होती। पिछले दशक में डीजल, खाद, कीटनाशक और बीज की कीमतों में वृद्धि हुई। जिसके कारण खेती की बढ़ती लागत बढ़ी, लेकिन उसके अनुपात में फसलों के दाम नहीं बढ़े हैं। तीन विवादित कानून को सरकार को वापस क्यों लेना पड़ा। किसानों की आय दोगुनी करने के झूठ की वजह से किसान पहले से ज्यादा कर्ज में क्यों डूब रहे है। अनिश्चित मौसम की वजह से खराब होती फसलों को मुआवजा मिलने में देरी की वजह क्या है और अस्थिर सरकारी नीतियां से किसानों का मुनाफा सीमित क्यों हो रहा है।

# प्रशिक्षण महाअभियान पर भाजपा का मंथन

**विसं, भोपाल।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर मंथन किया गया। अभियान के प्रदेश संयोजक आलोक संजर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भोपाल नगर के विभिन्न मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गो के बारे में संजर ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्गो के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति और वर्तमान दायित्वों की गहन जानकारी दी जाएगी, जिससे कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इस मौके पर भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक एक मजबूत समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे हर प्रशिक्षण वर्ग सुव्यविस्थत ढंग से संचालित हो सके। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिक से अधिक कार्यकर्ता इन वर्गो में सक्रिय रुप से भाग लें और उन्हें संगठन के विभिन्न आयामों, बूथ प्रभंधन, जनसंपर्क, सेवा कार्य और नेतृत्व विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो। जिला प्रभारी जसवंत हाड़ा ने कहा कि महाअभियान संगठन की कार्यशैली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह अभियान केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है,बल्कि इसके माध्य से कार्यकर्ताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता, अनुशासन और सेवा भाव को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। सभी मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गो के लिए सुव्यवस्थित योजना बनाई गई है, जिसमें विषयवार सत्र,अनुभवी वक्ताओं का मार्गदर्शन और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। बैठक में जिला महामंत्री, जिला प्रशिक्षण टोली के सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एंव मंडल स्तर के प्रशिक्षण टोली के सदस्य मौजूद रहे।

**भोपाल के हर भाजपा मंडल में होगा प्रशिक्षण वर्ग**

### पीएलआई फैसले के खिलाफ बैंक अधिकारी हुए लामबंद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** बैंकों के संघ यूएफबीयू से जुड़े अधिकारियों ने पीएलआई पर लिए गए एकतरफा फैसले का विरोध किया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह फैसला उस समय लिया गया है कि पूरा मामला मुख्य श्रमायुक्त के समक्ष विचाराधीन है। केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि नए फैसले से अधिकारियों के बीच असमानता बढ़ेगी,जिससे वरिष्ठ अधिकारियों को इसका लाभ अधिक मिलेगा,जबकि कनिष्ठ व अन्य कर्मचारियों को इससे सीमित फायदा ही मिल पाएगा। जिससे कर्मचारियों के बीच असंतोष बढ़ेगा। एसोसिएशन ने कहा कि इस योजना से बैंक पर अतिरिक्त बोझ आएगा। ऐसे में यह फैसला किसी भी तरह से सुशासन के सिद्धांतों के अनुरुप नहीं है। एसोसिएशन के उपाध्यक्षके.के. त्रिपाठी,महासचिव के. रवि कुमार ने आईबीए ,सरकार और बैंकों से पीएलआई फैसले को रोककर उससे जुड़े मुद्दों पर आपसी बातचीत के बाद समाधान निकाला जाए।

# भारतीय समाज स्वस्फूर्ति, अनुशासित: सीएम

## कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाटक का हुआ मंचन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय समाज स्वस्फूर्त और अनुशासित है। हमने हमेशा जियो और जीने दो सहित सबको लेकर चलने की भावना से जीना सीखा है। सम्राट विक्रमादित्य ने लोकतंत्र को बढ़ावा दिया, इसी से लोकतंत्र के सूत्र हम भारतीयों के शरीर में रक्त की तरह प्रवाहित हैं और अब यह हमारे अस्तित्व की पहचान भी बन गया है। मुख्यमंत्री गुरुवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गुड़ी पड़वा से नव संवत्सर एवं नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। एक नए संवत् और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। हमारे यहां संवत् सृष्टि के साथ, प्रकृति के सानिध्य में और शासक के पुरुषार्थ से प्रारंभ होता है। सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त किया। तत्कालीन समाज के अराजक तत्वों और आतताइयों का दमन किया। उन्होंने अपनी संपूर्ण प्रजा को कर्जमुक्त बनाया। सच्चे अर्थों में सामाजिक सद्भाव की नींव रखी। वे लोकतंत्र के महानायक थे। उनके पुरुषार्थ से ही प्रारंभ किया गया



विक्रम संवत् आज 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हमारी सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के ओजस्वी शासन उनके शौर्य, साहस, पराक्रम एवं न्याय के प्रतिमानों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास किया। आज यदि दो हजार साल बाद भी सम्राट विक्रमादित्य को याद कर रहे हैं, तो इसके पीछे यह भाव परिलक्षित होता है कि भारत राष्ट्र की सरकार और राज्य सरकारें, वीर विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था को अंगीकृत करना चाहती हैं। उन्होंने ब्रम्ह ध्वज की स्थापना कर कहा कि यह ध्वज हमें सदैव एकजुट रहकर देश-प्रदेश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए जा रहे हैं। उज्जैन से देश में लोकतंत्र का दीप प्रज्ज्वलित हुआ और मुख्यमंत्री डॉ. यादव उसी दीप को और अधिक प्रकाशमान बना रहे हैं।

# विश्व में नेतृत्व की क्षमता भारत में होनी चाहिए: तोमर

## राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का उद्घाटन, हमारी युवा आवादी का भविष्य उज्जवल

**विसं, भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि हमारे देश में युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। हमारा प्रयास यह है कि जब हम विकसित भारत का स्वरूप लें, तब विश्व में नेतृत्व करने की क्षमता हमारे पास होनी चाहिए। तोमर गुरुवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में तोमर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार इस बात पर काम हो रहा है कि हमारी युवा आवादी का भविष्य उच्जवल हो, हर क्षेत्र में हमारे नौजवान उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें और देश का नाम रोशन करें। इस दृष्टि से चाहे खेल, स्टार्टअप, व्याख्यानमाला, ज्ञान



माला का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में भारत सरकार ने यह प्रयत्न किया है कि हमारा देश विकसित बनें,लेकिन यह विकसित भारत केवल अधोसंरचना और विज्ञान की दृष्टि से नहीं हो, बल्कि हमारे पास विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता भी विद्यमान होनी चाहिए। तोमर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आने वाले कल का भविष्य है,जिसका सर्वांगीण विकास हो इस दिशा में काम किया जा रहा है। यह भारत सरकार, राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की लगातार कोशिश रहती है। स्पीकर तोमर ने प्रतिभागियों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत सरकार लगातार देश की आधी से अधिक युवा आबादी के लिए समय-समय अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है।

### महाविद्यालयीन छात्र ले रहे भाग

राष्ट्रीय सेवा योजना और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के सभी महाविद्यालयीन छात्र प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं ।इस मौके पर डॉ अशोक कुमार श्रोती, उप कार्यक्रम सलाहकार क्षेत्रीय निदेशालय, कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्टेट डायरेक्टर श्रीमती तारा पारही, डॉ राजकुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के लिए आइडी कार्ड व ड्रेस कोड जरूरी किया जाए

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के शिक्षकों ने लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर आईडी कार्ड और ड्रेस कोड लागू करने की मांग की है। इसमें उन्होंने कहाकि शासकीय ड्यूटी पर लगे शिक्षकों की स्पष्ट पहचान नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें अनावश्यक रूप से रोका जाता है। इससे उनका कार्य काफी प्रभावित होता है। इसके अभाव में अन्य अधिकारियों द्वारा दबाव और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जो उनके मनोबल को गिरता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए प्रदेश के सभी शासकीय शिक्षकों को फोटोयुक्त विभागीय आइडेंटी कार्ड अनिवार्य रूप से आवंटित होना चाहिए। शिक्षकों का कहना है कि वह प्रायमरी, मिडिल और हाई सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शिक्षा के साथ कई शासकीय दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं। सर्वेक्षण, आपदा प्रबंधन, चुनाव कार्य, जनगणना के अलावा अन्य प्रशासनिक कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बाद भी उनके साथ दुर्व्यवहान किया जाता है, तो अपमानित करता है। ऐसे व्यवहार से बचने के लिए फोटोयुक्त आइडेंटी कार्ड की डिमांड बढ़ रही है। गुरुजी अध्यापक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष राकेश पटेल ने कहा कि शिक्षक स्कूल, चुनाव ड्यूटी के अलावा अन्य सरकारी कार्यक्रमों के दौरान अपना आईडेंटी कार्ड होगा, तो उन्हें अपनी पहचान करना काफी सहज हो जाएगा।

**लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर उठाई मांग**

**अनदेखी** री-डिजाइन की फाइल पर दो माह से निर्णय नहीं कर पाया है रेलवे, बेकार पड़ा है आरओबी

# डीआरएम के पास अटकी 90 डिग्री आरओबी की फाइल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** ऐशबाग में बने 90 डिग्री मोड़ वाले रेलवे ओवरब्रिज के टर्निंग वाले हिस्से का विस्तार होने पर रेलवे की तरफ से लेटीतीफी हो रही है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने ऐशबाग आरओबी का चौथी बार री-डिजाइन कर दो माह पहले प्रस्ताव तैयार कर रेलवे को भेज दिया था। दो माह में रेलवे निर्णय नहीं कर पाया है। इससे करोड़ों रुपये से तैयार आरओबी उपयोगी साबित नहीं हो पा रहा है। जबकि पीडब्ल्यूडी कई बार रेलवे को स्मरण पत्र भेज चुका है, लेकिन रेलवे के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। देशभर चर्चित रहा आरओबी का विस्तार करने पीडब्ल्यूडी दो माह से रेलवे की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। पीडब्ल्यूडी ने जनवरी में री-डिजायन का प्रस्ताव तैयार कर जबलपुर जोन भेज दिया था। जबलपुर जोन ने उक्त प्रस्ताव और डिजाइन को भोपाल रेल मंडल भेज दिया है। अब यह प्रस्ताव भोपाल डीआरएम के पास अटका हुआ है। डीआरएम की स्वीकृति लेने के लिए पीडब्ल्यूडी लगातार रेलवे को स्मरण पत्र भेजा जा रहा है। भोपाल डीआरएम कोई सुनवाई ही नहीं कर रहे हैं।



### रेलवे ने अपना हिस्सा पहले बना दिया था

90 डिग्री आरओबी को तैयार करने को लेकर रेलवे ने अहम भूमिका निभाई है। क्योंकि आरओबी तैयार होने के पहले रेलवे ने अपनी तरफ का हिस्सा पूरा बनाया दिया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने दोनों तरफ से आरओबी को जोड़ दिया। इससे आरओबी 90 डिग्री के आकार में आ गया। इसके चलते पीडब्ल्यूडी के आधा दर्जन इंजीनियर निलंबित कर दिए गए। उन्होंने आरोप पत्र का जवाब भी दे दिया है, लेकिन शासन अंतिम निर्णय नहीं कर सका है। अधिकारियों का कहना है आरओबी को 90 डिग्री का आकार देने में रेलवे अधिकारियों की खास भूमिका रही है, लेकिन उनकी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### भविष्य में नहीं होगी कोई समस्या

पीडब्ल्यूडी ने चौथी बार आरओबी को री-डिजाइन कर रेलवे को भेजा है। इसके पहले पीडब्ल्यूडी ने आरओबी को री-डिजाइन कर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी (आईआईटी) इंदौर से परीक्षण करा लिया है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने री-डिजाइन को रेलवे को भेजा है। यहां से सहमति मिलने के बाद ही पीडब्ल्यूडी आरओबी के विस्तार पर कार्य करेगा। इसमें रेलवे द्वारा आधा मीटर ही जमीन दी जाएगी। इसमें करीब दो प्लर खड़े किए जाएंगे। इससे ढाई मीटर का आरओबी का टर्निंग प्वाइंट तीन मीटर का हो जाएगा। इसके बाद आरओबी के विस्तार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे द्वारा दिए गए निर्देश के मुताबिक आरओबी को तीन वैकल्पिक डिजाइन में तैयार किया गया है। इससे भविष्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण आसानी से हो सकेगा। यहां तक ज्यादा से ज्यादा लोग आरओबी का उपयोग सुरक्षित तरीके से कर पाएंगे। री-डिजाइन आरओबी से रेलवे के साथ मेट्रो और सड़क तीनों प्रभावित नहीं होंगे। री-डिजाइन आरओबी का वक्र बढ़ जाएगा। इससे मोड़ पर वाहनों का टकराव नहीं होगा।

# इंदौर में आग की घटना को लेकर मैनिट करेगा रिसर्च

## मैनुयल पढ़ने से ईवी वाहन के उपयोग करने से रुकेंगी घटनाएं

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदौर के ग्रेटर ब्रजेश्वरी एनएक्स में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज के दौरान आग लगने की घटना का मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) रिसर्च करेगा। इसका उद्देश्य ईवी वाहनों में दोबारा ऐसी घटना को रोका जा सके। उक्त घटनाक्रम से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इससे ईवी वाहनों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। घटनाक्रम का मुख्य कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है, जबकि ईवी वाहनों में बैटरी फुल होने के बाद आटो पावर कट हो जाता है। सवाल यह है कि जब आटो पावर कट का सिस्टम ईवी वाहनों में रहता है, तो आग कैसे लग सकती है। मैनिट में इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रोफेसर शैलेंद्र जैन का कहना है कि ईवी वाहनों का उपयोग करने वालों को दिए गए मैनुयल को अच्छे से पढ़ना चाहिए। मैनुयल के हिसाब से ईवी वाहनों का उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा वाहनों के उपयोग के समय रख रखाब को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कंपनी द्वारा दिए गए समय पर वाहनों की सर्विसिंग करना चाहिए। इससे उक्त घटनाएं कभी भी नहीं होंगी।

### कक्षाओं में कराया जाएगा इंदौर की घटना का अध्ययन

प्रो जैन का कहना है कि इंदौर की घटना ईवी वाहनों के उपयोग का एक सबक देकर गई है। इसलिए इलेक्ट्रिकल विभाग में प्रवेशरत विद्यार्थियों को उक्त घटना का अध्ययन भी कराया जाएगा, ताकि वे अपनी सर्विस के दौरान वाहनों की फीचर के संबंध में सुरक्षा दे सकें। मैनिट के विद्यार्थी उक्त घटना की रिसर्च करने इंदौर भी जाएंगे। वहां के घटनाक्रम का पूरा मुआयना करेंगे। घटनाक्रम का बारीकी से परीक्षण भी किया जाएगा। विद्यार्थियों को नये इलेक्ट्रिकल वाहन को डिजाइन करने में फीचर तैयार करने में सहयोग मिलेगा।

वर्ष 69 अंक 170 पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च, 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कभी-कभी सपने उन्हीं को दिखाई देते हैं जो उन्हें पूरा करने की हिम्मत रखते हैं।
-अज्ञात

## संक्षिप्त खबरें

### रेप-ब्लैक मेलिंग पर ज्योतिषी गिरफ्तार

**मुंबई/नासिक, जेएनएन।** महाराष्ट्र के नासिक में 35 साल की महिला से बार-बार रेप और ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को मशहूर ज्योतिषी अशोक खरात (67) को गिरफ्तार किया। ज्योतिषी कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न कर चुका है। एफआईआर के अनुसार, खरात खुद को कैप्टन कहता था, वह रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अफसर है। वह महिलाओं को उनकी समस्याएं हल करने का झांसा देकर ऑफिस बुलाता था। वहां पहुंचने के बाद वह उन्हें नशीला पदार्थ देकर सम्मोहित करता था। वह महिलाओं को डराकर खासकर उनके पति की मौत की धमकी देकर या तंत्र-मंत्र के डर का हवाला देकर रेप करता था। जांच में सामने आया कि खरात ने ऑफिस में हिडन सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे। पुलिस को एक पेन ड्राइव मिली है, जिसमें 58 अलग-अलग महिलाओं से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो होने की बात कही जा रही है।

### शोकसभा में भाजपा-आप कार्यकर्ताओं में झड़प

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की गुरुवार को शोकसभा हुई। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल भी इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे। दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की शोकसभा में आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। इस घटना के वायरल वीडियो में कुर्सी फेंकते और धक्का-मुक्की करते लोग दिखे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक कुलदीप सोलंकी के गुंडो ने मुझे कुर्सी फेंककर मारी। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को पीड़ितों की चिंता नहीं है। कोई पीडितों से सहानुभूति जताने आता है तो भाजपा के लोग उनसे मिलने भी नहीं देते। दरअसल, बुधवार को पालम इलाके की चार मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इसमें 3 नाबालिग लड़कियों समेत 9 लोगों की जान चली गई थी।

**पश्चिम एशिया में जंग :** ईरान ने बदले की कार्रवाई में पड़ोसियों पर किया हमला, तेल और गैस फील्ड पर निशाना

# सऊदी, कतर, यूएई, कुवैत व इजराइल में रिफाइनरी तबाह

### सऊदी बोला-ईरान सब्र का इम्तिहान न लें

**तेहरान/तेलअवीव, जेएनएन।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के बाद पश्चिम एशिया में हालात बदल रहे हैं। इस संघर्ष की आग अब खाड़ी देशों तक पहुंच चुकी है। बुधवार को ईरान ने अपने गैस फील्ड पर हमलों के बाद खाड़ी देशों के तेल और गैस ठिकानों पर हमलों की चेतावनी दी और देर शाम मिसाइल हमले कर दिए। तेल और गैस रिफाइनरियों पर हुए व्यापक हमलों से वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल मची है।

**सऊदी अरब:** ईरान ने सऊदी की सबसे महत्वपूर्ण रासतनूरा तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिसे दुनिया की तेल आपूर्ति की धड़कन कहा जाता है। राजधानी रियाद में भी रिफाइनरियों और गैस प्लांटों पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए गए।

**कतर:** ईरान ने रासलफान गैस प्लांट पर हमला किया, जिससे कतर ने एलएनजी उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह हमला ईरान के अपने 'साउथ पार्स' गैसफील्ड पर हमले का बदला बताया।

**यूएई:** यूएई की फुजैराह तेल सुविधा अल हसन गैस फील्ड को भी ईरानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा निशाना बनाया गया।

**कुवैत:** मीना अल-अहमदी, मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी पर हमले हुए हैं।

**इजराइल:** इजराइल के हाइफा रिफाइनरी, लेविथान गैस फील्ड पर हमलों के बाद परिचालन बंद करना पड़ा।

**ईरान:** इससे पहले अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के विशाल साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले किए गए थे, जिसके जवाब में ईरान ने अन्य खाड़ी देशों पर हमले शुरू किए।



फुजैराह में हमले के बाद तेल स्टोरेज फैसिलिटी से आग और धुएं का गुबार उठता हुआ।

**हमलों के वैश्विक प्रभाव:** हमलों से कच्चे तेल की कीमतें 118 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। वैश्विक बाजारों सहित भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इन देशों पर निर्भर है, इसलिए देश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल के संकट की आशंका बढ़ गई है।

### यूएस विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखे

वॉशिंगटन में अमेरिकी सेना के अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं कि वे कहां से आए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई।

### एफ-35 फाइटर को नुकसान पहुंचायाः ईरान

ईरान की आईआरजीसी ने कहा कि उसने अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। आईआरजीसी ने हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक एफ-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार हो सकता है जब इस जंग के दौरान ईरान ने किसी अमेरिकी सैन्य विमान को निशाना बनाया हो। एफ-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने पहले कलाई काटी, फिर गला काटकर दे दी जान

### वीडियो भी बनाया, जॉब छोड़कर दो साल कर रहा था पिता की सेवा



**जागरण, धार।** जॉब छोड़कर दो साल से पिता की सेवा कर रहे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बड़ा वीभत्स तरीका अपनाकर खुदकुशी कर ली। बीच सड़क पर पैदल चलते हुए युवक की वीभत्सता आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। राह चलते हुए इस सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने धारदार चाकू से पहले अपनी कलाई काट डाली। फिर एक चबूतरे पर बैठकर प्राइवेट पार्ट पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद चलते-फिरते ही गले पर चाकू के लगातार वार कर डाले। वहशियाना तरीके से खुदकुशी का यह दर्दनाक मंजर धार के आनंद चौपाटी इलाके में अलसुबह साढ़े पांच बजे का है। युवक की पहचान कुणाल जोशी (35) के रूप में हुई है। गुरुवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम ने आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो फुटेज देख वे भी हैरान रह गए। पूछताछ में पड़ोसियों ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। पहले वह इंदौर की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर जॉब करता था,दो साल पहले जॉब छोड़कर आ गया और लकवाग्रस्त पिता सूर्यनारायण जोशी की सेवा कर रहा था।

#### खुद को दी ऐसी दर्दनाक मौत

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ दिखा कि युवक पैदल ही आनंद चौपाटी पहुंचता है। कुछ देर चौराहे पर खड़े रहने के बाद वह यहां-वहां देखता है। फिर जेब से चाकू निकालकर खुद पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर देता है। पहले वह कलाई पर कई बार चाकू मारकर नस काटता है, इसके बाद पेंट उतारकर चबूतरे पर बैठ जाता है और प्राइवेट पार्ट जख्मी कर लेता है। वहीं बैठे-बैठे अपने गले पर चाकू मारने लगता है। अंत में नग्न अवस्था में ही खड़े होकर गले में फिर चाकू घोंपने लगता है।

### बैंक फ्रॉड: अनिल से सीबीआई ने की 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीबीआई ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी से उनकी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े 2,929.05 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ की। जांच एजेंसी ने अंबानी को आगे की पूछताछ के लिए शुक्रवार को फिर से पेश होने का निर्देश दिया है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, हेडक्वार्टर में पूछताछ में अधिकारियों ने पब्लिक सेक्टर बैंकों के एक ग्रुप से मिले लोन फंड के कथित डायवर्जन और गलत इस्तेमाल के बारे में अंबानी का बयान रिकॉर्ड किया। मामला 2013 और 2017 के बीच आरकॉम और उसके पूर्व डायरेक्टरों से जुड़ी संदिग्ध फाइनेंशियल गड़बड़ियों की सीबीआई की बड़ी जांच का हिस्सा है। सीबीआई ने इस बारे में पहला क्रिमिनल केस 21 अगस्त, 2025 को एसबीआई की शिकायत पर दर्ज किया था। एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, आईडीबीआई और दूसरे 11 लेंडर्स के ग्रुप का लीड बैंक है। इन बैंकों ने आरकॉम को 19,694.33 करोड़ का लोन दिया था, जिसमें से एसबीआई ने आरोप लगाया कि 2,929.05 करोड़ का गलत इस्तेमाल किया।

### टॉप-10 खुशहाल देशों में एक भी अमीर देश नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 जारी की है। इसमें लगातार 9वीं बार फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश बताया गया है। 147 देशों की सूची में पाकिस्तान 104वें नंबर पर है। वहीं भारत 116वें स्थान पर है। 2025 में भारत की रैंकिंग 118वीं थी। वहीं ढाई साल से जंग में फंसा इजराइल दुनिया का 8वां सबसे खुशहाल देश बताया गया है।

लिस्ट में सबसे नीचे संघर्ष वाले देश हैं। अफगानिस्तान फिर से सबसे कम खुशहाल देश रहा, उसके ऊपर सिएरा लियोन और मलावी हैं। इस बार भी कोई भी अंग्रेजी बोलने वाला देश टॉप 10 में नहीं है। अमेरिका 23वें, कनाडा 25वें और ब्रिटेन 29वें स्थान पर हैं। फिनलैंड जैसे देशों की खुशी का कारण अच्छी आर्थिक स्थिति, बराबरी से संसाधनों का बंटवारा, मजबूत वेलफेयर सिस्टम और बेहतर जीवन स्तर है। रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा सोशल मीडिया इस्तेमाल से कई देशों में युवाओं की खुशी और मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है।

**टॉप-10 देश**
फिनलैंड
आइसलैंड
डेनमार्क
कोस्टा रिका
स्वीडन
नॉर्वे
नीदरलैंड
इजराइल
लक्जमबर्ग
स्विट्जरलैंड



## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



माँ दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां 'ब्रह्म' शब्द का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात् तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। कहा भी है-वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म-वेद, तत्व और तप 'ब्रह्म' शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जाप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल है। पूर्व जन्म में जब ये हिमालय के घर पुत्री-रूप में उत्पन्न हुईं थीं तब नारद के उपदेश से इन्होंने भगवान शंकर जी को पति रूप में प्राप्त करने कठिन तपस्या की। इसी से इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। एक हजार वर्ष उन्होंने फल-मूल खाकर व्यतीत किए थे। सौ वर्षों तक केवल शाक पर निर्वाह किया था। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखते हुए खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के भयानक कष्ट सहे।

# जल्दबाजी में बनाया नवजात का डेथ सर्टिफिकेट, परिजन ने कहा-जिंदा था

## हमीदिया में हंगामाः परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लगाया लापरवाही का आरोप, चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग

**नगर संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में बुधवार देर रात भारी हंगामा हुआ। हंगामे का कारण एक मृत बच्चे के परिजनों द्वारा उसे जिंदा होने का दावा करना था। परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया और चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की। काफी देर तक चले इस हंगामे को पुलिस व सीनियर चिकित्सकों ने समझा बुझा कर शांत करवाया। हमीदिया अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार रायसेन जिले के बरेली निवासी परवेज की पत्नी 22 सप्ताह यानि 5 महीने की गर्भवती थी। छह दिन पहले उसको लेबर पेन शुरू हो गया। परवेज अपनी पत्नी को लेकर सबसे पहले बरेली के सरकारी अस्पताल में पहुंचा, यहां से उसे रायसेन जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गर्भवती की हालत ज्यादा नाजुक थी, इसलिए रायसेन जिला अस्पताल ने भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। यहा परवेज की पत्नी रविवार से भर्ती थी।

### घर पहुंचे तो पिता को सुनाई दी धड़कन

नवजात के पिता परवेज ने बताया कि वह रात 12 बजे घर पहुंच गए थे और दफनाने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान बच्चे में हलचल हुई। गौर से देखने पर बच्चे में धड़कन सुनाई दी। इसे देखकर वह तुरंत वापस हमीदिया अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों को स्थिति से अवगत कराया। परवेज ने इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया और डॉक्टरों को दिखाया। इसके साथ ही परवेज के साथ पहुंचे अन्य लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का हंगामा देख अस्पताल स्टाफ ने बच्चे को एसएनसीयू में शिफ्ट कर दिया।



### जूनियर डाक्टर के खिलाफ होगी जांच

अस्पताल प्रबंधन ने इस पूरे मामले में उन जूनियर चिकित्सकों के विरुद्ध जांच करने का निर्णय ले लिया है, जिन्होंने लापरवाही पूर्ण काम किया है। अमूमन ऐसे मामलों में 8 से 10 घंटे तक बच्चे की मॉनीटरिंग की जाती है। लेकिन ड्यूटी डॉक्टर ने कुछ घंटे में ही मृत सर्टिफिकेट परिजनों को दे दिया, इससे मामला बिगड़ गया।

### 500 ग्राम वजन को मानते हैं लाइव बर्थ

चिकित्सकों ने बताया कि किसी भी प्रसव के दौरान यदि नवजात का वजन 500 ग्राम या उससे ज्याद है, तब ही उसे लाइव बर्थ माना जाता है। इससे कम वजन की श्रेणी के बच्चे को अबोर्टस कहते हैं। ऐसे मामलों में कभी-कभी जन्म के बाद कुछ समय के लिए हलचल दिखाई दे सकती है, लेकिन जीवित रहने की संभावना कम होती है। बता दें मेडिकल भाषा में अबोर्टस उस स्थिति को कहा जाता है, जब गर्भ में पल रहा भ्रूण 20-22 सप्ताह से पहले बाहर आ जाए या उसका वजन 500 ग्राम से कम हो। ऐसे मामलों में शिशु का पूर्ण विकास नहीं हो पाता और जीवित रहने की संभावना बहुत कम होती है। यह स्थिति प्राकृतिक (मिसकैरिज) या मेडिकल कारणों से भी हो सकती है।

### अस्पताल का तर्क, धड़कन जिंदा होने का आधार नहीं

इस मामले में अस्पताल ने तर्क दिया है कि बच्चे में धड़कन होने का मतलब यह नहीं कि बच्चे जीवित है। जन्म के समय बच्चे का वजन सिर्फ 450 ग्राम था। कुछ ही देर में वह नीला पड़ने लगा था। उसका गर्भ का समय भी सिर्फ 22 सप्ताह था।

"

मामले की जांच के लिए निर्देश कर दिए गए हैं। किसी भी स्टाफ की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं।

■ **डॉ. शबाना सुल्तान,** एचओडी प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग जीएमसी

## नगर में आज

**चित्र प्रदर्शनी**
- **स्थानः** रीजनल म्यूजियम
- **समयः** सुबह 11:00 बजे

**शिक्षकों का महाकुंभ**
- **स्थानः** दुष्यंत संग्रहालय
- **समयः** सुबह 11:00 बजे

**धरोहर-16**
- **स्थानः** रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप
- **समयः** शाम 7 बजे

**आद्या समारोह**
- **स्थानः** भारत भवन
- **समयः** शाम 7 बजे

**चित्र प्रदर्शनी**
- **स्थानः** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
- **समयः** सुबह 11 बजे से

# जेल से रिहाई के बाद चमड़ा को पुलिस ने फिर दबोचा, लगाया रासुका, भेजा जेल

## बजरंग दल ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन, आरोपी की निकाली सांकेतिक अर्थी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोमांस तस्करी के मामले में भोपाल सेशन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार देर रात जैसे ही असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा बाहर निकला उसे पुलिस ने गुपचुप तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ जहांगीराबाद थाना पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। यदि हाईकोर्ट से असलम को जमानत नहीं मिलती है तो वह एक साल के लिए जेल में रहेगा। इधर, असलम चमड़ा की जमानत से नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने असलम चमड़ा और कंटेनर ड्रायवर शोएब की सांकेतिक अर्थी निकाली और पुतला दहन किया। इसके बाद जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा। भोपाल सेशन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार रात करीब 10 बजे असलम चमड़ा जैसे ही सेंट्रल जेल के मुख्य द्वार पर पहुंचा, उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लाल रंग की पोलो कार से उसे जेल परिसर से बाहर निकाला गया। इस कार का एक वीडियो सामने आया है।



पहले उसे परवलिया फिर सीहोर रोड ले जाया गया। इसके बाद देर रात उसे जहांगीराबाद थाने लाया गया। जहां उसके खिलाफ शुक्रवार को रासुका के तहत कार्रवाई की गई। इसके बाद जेल दाखिल कराया गया। इसके पूर्व गोमांस तस्करी से जुड़े पूरे मामले का खुलासा करने का दावा करने वाले भानू हिंदू का आरोप था कि पुलिस की ओर से कमजोर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। इन्हीं खामियों का फायदा असलम को जमानत मिलने के लिए मिला। भानू के अनुसार पुलिस ने केस की शुरुआत से ही लापरवाही की थी। गोमांस से भरे कंटेनर को छोड़ दिया था। हैदराबाद जिस सैंपल को जाना था, वह खराब हो गया।

### शर्तों के साथ बाहर आया असलम

असलम की तरफ से वकील विजय चौधरी और जगदीश गुप्ता ने कोर्ट में पक्ष रखा। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी रखी हैं। वह केस की सुनवाई में कोई रुकावट नहीं डालेगा। बिना कोर्ट की इजाजत के वह देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेगा। सुनवाई के दौरान वह बार-बार तारीखें आगे बढ़ाने (स्थगन) की मांग नहीं करेगा।

### अदालत ने अपने आदेश में कहा

अदालत ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि संबंधित अपराध न तो मृत्युदंड और न ही आजीवन कारावास से दंडनीय है और यह न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय है। आरोपी दो माह से अधिक समय से अभिरक्षा में है, जबकि मामले की विवेचना पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी प्रस्तुत की जा चुकी है। ऐसे में ट्रायल पूरा होने में समय लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए जमानत देना उचित है। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी का यह दूसरा जमानत आवेदन था। पहला आवेदन गुण-दोष के आधार पर निरस्त नहीं हुआ था। अब परिस्थितियों में बदलाव और जांच पूरी होने के बाद जमानत दी गई।

### क्या था पूरा मामला

17 दिसंबर की रात हिंदू संगठनों ने पुलिस मुख्यालय के पास एक कंटेनर पकड़ा था, जो जिंसी स्लाटर हाउस से निकला था। इसमें 26 टन मांस भरा था। जब इस मांस के सैंपल मथुरा की लैब भेजे गए, तो वहां से आई रिपोर्ट में इसमें गोमांस होने की बात सामने आई। रिपोर्ट आने के बाद 8 जनवरी 2026 को जहांगीराबाद पुलिस ने केस दर्ज कर असलम और ड्रायवर शोएब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# एटीएम से पैसे निकालते समय कार्ड बदला, 29 हजार की चपत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पिपलानी इलाके में एक महिला एटीएम बूथ पैसे निकालने पहुंची। जहां से दो जालसाज मिल गए। उन्होंने महिला का एटीएम बदलकर तीन बार में 29 हजार रुपए निकाल लिए। इस संबंध में महिला ने राष्ट्रीय सायबर शिकायत नंबर 1930 पर शिकायत की थी। जांच के बाद प्रतिवेदन पिपलानी थाने पहुंचा। जहां पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ असल कायमी कर ली है। पुलिस के मुताबिक, वर्षा सराठे पति सौरव सराठे का एसबीआई बैंक में खाता है। 5 जून 2025 को वह आनंद नगर स्थित एटीएम बूथ पैसे निकालने पहुंची थी, जहां सर्वर डाउन होने पर उनके पैसे नहीं निकले। इस बीच उनका एटीएम कार्ड नीचे गिर गया। वहीं पास दो लड़के खड़े थे, उनका भी एटीएम नीचे गिर गया। उन्होंने अपना एटीएम उठाकर महिला को दे दिया और उसका लेकर चले गए। बाद में तीन बार में उनके खाते से 29 हजार रुपए निकाल लिए गए। वह आनंद नगर स्थित एक सुपर मार्केट में जॉब करती हैं।

**लिंक टच करते ही निकले 55 हजार रुपएः** इसी तरह एक आनलाइन ठगी ईंटखेड़ी इलाके में सामने आई है। इस संबंध में शेर सिंह मीणा निवासी बालाजी पुर ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च की उनकी बुजुर्ग मां यू-ट्यूब पर धार्मिक वीडियो देख रही थीं। इस बीच किसी लिंक को उन्होंने टच कर दिया। इससे उनका मोबाइल हैक हो गया। अगले दिन उनके खाते से 55 हजार रुपए निकाल लिए गए। मैसेज आने पर उन्हें ठगी का पता लगा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मृतका के पास सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें उसने अपनी मर्जी से जान देने की बात कही है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 51 पुष्पा त्रिपाठी पति राकेश देवलोक कॉलोनी में रहती थी। वह गृहणी थी। जबकि उसका पति वकील है। बुधवार साढ़े 12 बजे उसने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बेटे ने जब मां को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उसे नीचे उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को महिला के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रही हूं। मेरे पति और बेटे को गिरफ्तार न किया जाएं। परिजनों के अनुसार महिला ने कभी किसी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्माण साइट से नाबालिग डम्पर चोरी कर हुआ फरार

**जागरण, भोपाल।** पश्चिम रेलवे कॉलोनी की सुनसान निर्माण साइट से डम्पर चोरी हो गया। वाहन में चाबी लगी होने का फायदा उठाकर एक नाबालिग उसे लेकर फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई कर कुछ ही घंटों में डम्पर बरामद कर नाबालिग को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार नाबालिग एक दिन पहले उसी निर्माण साइट पर काम मांगने पहुंचा था, लेकिन कम उम्र होने के कारण उसे लौटा दिया गया था। वह पहले ट्रक चालकों के साथ रह चुका था और वाहन चलाना जानता था। रात में जब उसने डम्पर में चाबी लगी देखी, तो बिना देर किए उसे स्टार्ट कर लेकर निकल गया। इस पर जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस कुछ ही घंटों में जेपी नगर स्थित कार्बाइड फैक्ट्री क्षेत्र में पहुंची। जहां नाबालिग सो रहा था और डंपर वहीं खड़ा था। जिसने उसे चोरी किया था। पुलिस ने उसे किशोर न्यायलय में पेश कर परिजनों को सौंप दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर संगोष्ठी आज

**विसं, भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर 20 मार्च को भोपाल में 'आनंद के आयाम राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। आनंद विभाग के राज्य आनंद संस्थान द्वारा आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी में आयोजित इस संगोष्ठी में हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद के कमलेश डी. पटेल (दाजी) मुख्य संबोधन देंगे। संगोष्ठी में आनंद और प्रसन्नता के विविध आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

# झुग्गियां हटाने पर हंगामा, राहगीरों के पीछे लट्ठ लेकर दौड़े प्रदर्शनकारी, लगा जाम

## अयोध्या बायपास पर फंसी कई बसें और चार पहिया वाहन, पुलिस ने दी समझाइश

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अयोध्या बायपास पर झुग्गियां हटाने को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हो गया। बस्ती वाले लट्ठ लेकर सड़कों पर उतर आए। उनमें महिलाएं भी शामिल थीं। इस बीच राहगीरों ने निकलने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी उनके पीछे लट्ठ लेकर दौड़े। करीब एक घंटे जाम लगा रहा। जाम में दोनों ओर की कई बसें और चार पहिया वाहन फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक, अयोध्या बायपास को 10 लेन में बदला जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में कई दुकानें, मकान, धार्मिक स्थल और सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं। जिन्हें हटाया जा रहा है। क्रेसर बस्ती की करीब 90 झुग्गियां भी हटेगी। इसके विरोध में गुरुवार दोपहर को बस्ती वाले सड़क पर उतर गए और जाम लगा दिया। नाराज लोगों ने बीच सड़क पर पत्थर रख दिए। इस दौरान जिन राहगीरों ने निकलने की कोशिश की, उनके पीछे महिला-पुरुष लट्ठ लेकर दौड़े। एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं हाथों में लट्ठ लेकर खड़ी रही। करीब एक घंटे तक हंगामा चला। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और राहगीर परेशान होते रहे।

### अचानक सड़क पर बैठ गए

सूचना मिलते ही अयोध्या नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संभाला। अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि अयोध्या बायपास प्रोजेक्ट के चलते उक्त झुग्गियां हटाई जाना है। झुग्गी के लोगों को नोटिस तामिल कराया गया है। उन्होंने समझाइश देकर हटाया गया। हालांकि, कार्रवाई के लिए कोई अमला नहीं गया था। न ही कोई प्रक्रिया की गई। अचानक ही लोग सड़कों पर उतर आए और सड़क पर बैठ गए। करीब एक घंटे तक हंगामा चला।


**न तो उचित मुआवजा मिला, न ही पुनर्वास :** लोगों के मुख्य सड़क पर बैठने के कारण जाम लग गया। दोनों ओर के वाहन फंस गए, जिससे लोगों का काफी परेशानी झेलनी पड़ी। कुछ लोग निकलने लगे तभी प्रदर्शनकारियों ने उन्हें लट्ठ लेकर खदेड़ दिया। इससे लोगों के बीच झड़प हो गई और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि न तो उचित मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। प्रभावित परिवारों ने पहले पुनर्वास और मुआवजा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**16 किमी लंबी लेन सड़क का प्रोजेक्टः** नेशनल हाईवे-146 पर आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबी 10 लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसी दौरान आनंद नगर में एक फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा। इसके लिए सड़क किनारे की 146 दुकानें हटाई जा चुकी हैं। साथ ही तीन धार्मिक स्थलों, एक वार्ड कार्यालय और एक पुलिस चौकी को शिफ्ट किया गया है। क्रेसर बस्ती की झुग्गियां भी हटेंगी, ताकि काम जल्दी शुरू हो सके।

# हाउसिंग बोर्ड का पर्यावास भवन में दो दिवसीय आवास मेला आज से

## भोपाल में उपलब्ध बोर्ड की सभी पुरानी व नई प्रॉपर्टी की होगी बुकिंग

**भोपाल।** एमपी हाउसिंग बोर्ड नवरात्र के शुभ अवसर पर दो दिन का आवास मेला आयोजित कर रहा है। पर्यावास भवन में आयोजित यह मेला 20-21 मार्च को लगेगा। राजधानी में उपलब्ध हाउसिंग बोर्ड की सभी प्रॉपर्टी की यहां जानकारी मिलेगी। साथ ही संपत्ति की तत्काल बुकिंग भी होगी। मेले में भोपाल की सभी नई और पुरानी प्रॉपर्टी की जानकारी एक छत के नीचे मिलेगी। मेले में फ्री साइट विजिट की सुविधा और फ्री में बुकिंग फॉर्म भरने की सुविधा भी रहेगी। आवास मेले हाउसिंग बोर्ड अपने सभी आने वाले प्रोजेक्ट की भी जानकारी उपलब्ध करायेगा। बोर्ड देवकीनगर, बैरसिया रोड, करोंद में 10 एकड़ में प्लॉट का प्रोजेक्ट ला रहा है। वहीं अयोध्या नगर में डुप्लेक्स, ट्रिप्लेक्स, फ्लैट के 5 नये प्रोजेक्ट आने वाले हैं। इस तरह के सभी प्रोजेक्ट की जानकारी मेले में मिलेगी।



### मेले में उपलब्ध मुख्य प्रॉपर्टी

- कटारा हिल्स में सफायर पार्क सिटी प्रोजेक्ट में बोर्ड 34 एकड़ में आवासीय प्लॉट का प्रोजेक्ट लाया है। इस प्रोजेक्ट में बुकिंग चल रही है। इसमें अलग-अलग साइज के 186 प्लॉट रखे गये हैं। 1300 स्कॉवयर फीट से लेकर 7000 स्कॉयर फीट तक के 5 साइज के प्लॉट हैं। इस प्रोजेक्ट में एसटीपी से लेकर अंडरग्राउंड बिजली के तार तक सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध होंगी।
- अयोध्या एक्सटेंशन में सुरम्य परिसर और लवकुश हाईट्स फ्लैट्स के प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं। सुरम्य परिसर में 250 फ्लैट बन रहे हैं और इनमें बुकिंग चालू है। वहीं, लवकुश हाईट्स में भी निर्माण और बुकिंग चल रही है। खजूरीकलां फेज -2 में 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स घरों में भी बुकिंग चल रही है। इन सभी मकानों की बुकिंग मेले में होगी।

**एम्स का शोध** | साउंड हीलिंग पर कार्यशाला, ओम आमीन व हम्म को बताया महत्वपूर्ण

# धार्मिक मंत्रों के जाप से दिल को मिलती है ऊर्जा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अगर आप नियमित रूप से ओम शब्द का उच्चारण करते हैं तो हार्ट रेट वेरिएबिलिटी (एचआरवी) को कंट्रोल कर सकते हैं। ऐसा करने से हार्ट सामान्य रूप से ज्यादा स्वस्थ हो सकता है। सिर्फ ओम शब्द ही नहीं मुस्लिम और ईसाई धर्म में आमीन और तिब्बत में हम्म शब्द के नियमित जाप से भी इसी तरह का असर होता है। इसी तरह गायत्री मंत्र के जाप से भी हार्ट डिजीज के खतरे को कम किया जा सकता है। यह बात एम्स में हुए एक शोध के दौरान सामने आई। एम्स के फिजियोलॉजी विभाग और आयुष विभाग द्वारा किए गए एक शोध मे हार्ट की सामान्य समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को नियमित ओम का जाप कराया तो उनके ब्लड प्रेशर में भी बदलाव दर्ज किया गया। गुरुवार को एम्स में साउंड हीलिंग विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें शामिल विशेषज्ञों ने गायत्री मंत्र, नाद और बीज मंत्रों की ध्वनी शक्ति को समझाया। इस दौरान एम्स के फिजियोलॉजी विभाग के एडिशल प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा ने बताया कि शोध के लिए मरीजों के सीने पर न्यूरोचैक नाम उपकरण फिट किया गया। यह ईसीजी की तरह ही हार्ट की एल्गोरिदम को दर्ज करता है। करीब पांच मिनट तक ओम का उच्चारण के साथ शरीर के ऊर्जा केंद्रों से जुड़े बीज मंत्रों लम्, वम्, रम्, यम्, हम् का सामूहिक उच्चारण कराया। इसके बाद बीपी के साथ हार्ट रेट में अंतर पाया गया। सम्मेलन का आयोजन इंडियन योगिनी एसोसिएशन द्वारा आशा पारस फॉर पीस एंड हार्मनी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इसका संचालन डॉ. वरुण मल्होत्रा ने किया।




### सिर्फ 10 मिनट मंत्र सुनें और जाप करें

डॉ. मलहोत्रा बताते हैं कि ओम के साथ गायत्री मंत्र का वाइब्रेशन भी दिमाग के उस हिस्से को एक्टिवेट करता है जो एकाग्रता, निर्णय और भावनात्मक स्थिरता नियंत्रित करता है। इसी कारण यह योग तकनीक से अधिक प्रभावी पाया। स्टडी में पाया गया कि सिर्फ 10 मिनट मंत्र सुनने और जप करने से दिल की धड़कन सामान्य हुई और बीपी नियंत्रित हो गया। ओम के जाप में अगर ओ का उच्चारण लंबा करते हैं तो पल्स रेट बढ़ जाती है। वहीं म के उच्चारण को लंबा करने पर हार्ट रेट कम होती है। अगर दिमाग को एक्टीवेट करना है है तो ओम का उच्चारण लंबा रखें और शांति या रिलेक्स फील करना है तो म के उच्चारण को लंबा करें।

### रातीबड़ में यवुक ने जहर पीकर की खुदकुशी

**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र में युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर खुदकुशी कर ली। मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों ने सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय जयदीप यादव मनीराम नई बस्ती, सिकंदराबाद में रहता था। वह वैन चालाक था। वह काफी जिद्दी किस्म का था और अपनी मनमर्जी करता था। 15 मार्च को वह घर से बिना बताए जगन्नाथ पुरी स्थित किराए के मकान में रहने चला गया था। 17 मार्च को उसने गेहूं में रखने वाले पॉइजन के पांच पैकेट खरीदे। बाद में उसने कमरे में जाकर दो पैकेट पानी में डालकर पी लिए। इसके बाद वह बेसुध होकर जमीन पर पड़ा रहा। अगले दिन परिजनों वहां पहुंचे तो उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शोध क्षेत्र में एथिक्स कमेटी रोड़ा नहीं बल्कि मदद करने के लिए होती हैः माथुर


**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में आयोजित कार्यशाला में यह साफ संदेश दिया गया कि एथिक्स कमेटी शोध में रुकावट नहीं, बल्कि सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। जैव-चिकित्सा और स्वास्थ्य अनुसंधान में नैतिक पहलू पर हुए इस कार्यक्रम में देशभर के 33 संस्थानों के 151 शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएमआर की बायोएथिक्स यूनिट की प्रमुख डॉ. रोली माथुर रहीं। उन्होंने कहा कि अगर रिसर्च की शुरुआत से ही एथिकल गाइडलाइंस अपनाई जाएं तो काम बेहतर होता है और मंजूरी भी आसानी से मिलती है। डॉ. माथुर ने कहा कि अक्सर शोधकर्ता एथिक्स कमेटी को अपने काम में बाधा मान लेते हैं, जबकि यह सोच गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एथिक्स कमेटी का उद्देश्य शोधकर्ताओं और प्रतिभागियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कई बार गाइडलाइंस पहले से मौजूद होती हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया जाता। ऐसे में शोधकर्ताओं को खुद जिम्मेदारी लेते हुए शुरुआत से ही एथिकल नियमों को अपनाना चाहिए। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बायोमेडिकल रिसर्च में एथिक्स बेहद महत्वपूर्ण है। यदि इसे नजरअंदाज किया जाए तो गंभीर परिणाम हो सकते हैं। आज के समय में किसी भी रिसर्च को प्रकाशित करने से पहले एथिक्स कमेटी की मंजूरी जरूरी होती है, इसलिए शोधकर्ताओं को इसकी गहरी समझ होना आवश्यक है। एक्सपर्ट डॉ. धर्मेश कुमार लाल ने बताया कि आईसीएमआर देशभर में बायोएथिक्स की क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

# भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर विशेष






























































दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

# जागरण विचार

भोपाल 20 मार्च 2026, शुक्रवार
चैत्र शुक्ल पक्ष 2 संवत 2083



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## इंदौर हादसे ने उठाए सुरक्षा पर गंभीर सवाल

*इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान धमाके से 8 की मौत ने सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। बिना पुख्ता इंफ्रास्ट्रक्चर और एसओपी के इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना जोखिम भरा है। सुरक्षित चार्जिंग स्टेशन समय की मांग हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में भी बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है।*

*कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं।*

*इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में शार्ट सर्किट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें घर में रखे एलपीजी सिलेंडरों ने घटना को भयावह रूप दे दिया। रही कसर उस रहवासी क्षेत्र ने पूरी कर दी, जहां दमकलों को अंदर तक आने में एक घंटा से अधिक समय लग गया और लोग जिंदा जल गए।*

*कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं के बाद उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई।*

*सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा।*

*इसी तरह दिल्ली के पालम में अनियोजित निर्माण और सुरक्षा अनदेखी ने एक ही परिवार के 9 लोगों की जान ले ली। जर्जर बिजली सिस्टम और दमकल के खराब उपकरणों ने बचाव में देरी की। दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है।*

*इन घटनाओं से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है।। इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो? किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं।*

*सरकार ने अग्नि सुरक्षा आडिट की बात दोहराई है। जरूरी है कि काम धरातल पर दिखे। विडंबना यह है कि आए दिन किसी न किसी इलाके में आग लगने और उसमें भारी नुकसान की खबरें आती रहती हैं, हादसे के बाद तमाम एजंसियां खानापूर्ति करती हैं और नतीजा ढाक के तीन पात रहता है।*

युद्ध विभीषिका

### ईरान ने खाड़ी देशों पर पलटवार करके बता दिया-युद्ध तुमने शुरू किया, खत्म हम करेंगे

## भारी नुकसान फिर भी ईरान कर रहा पलटवार?

सुधीश पचौरी



अमेरिका को इस तरह फंसा देख बहुत-से लोगों को मजा भी आ रहा है कि अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे, पर बहुत-से परेशान भी हैं कि जब अठारह दिन में ही दुनिया में तेल और गैस का संकट हो गया, तो आगे क्या न होगा? आखिर भारी नुकसान उठाने के बाद भी ईरान पलटवार कैसे कर रहा है?

कहां तो चले थे 'मागा' बनाने, यानी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और कहां अब वह 'होर्मुज स्ट्रेट' में रास्ता 'मांग' रहे हैं। कल तक सर जी दुनिया के सबसे बड़े 'मारते खां' थे, अब 'भागते खां' नजर आते हैं और भारी बर्बादी के बाद भी ईरान है कि ताल ठोक रहा है कि आजा लड़ ले...हम आखिरी दम तक लड़ेंगे... सच! अंकल सैम, जितना मुंह था, उससे बड़ा कौर खाएगा। अब न खाए बन रहा है, न उगलते। भई गति सांप छछुंदर केरी! अंकल सैम बुरे फंसे। बड़बोले जी कल तक हांक रहे थे कि मैंने आठ युद्ध रोके हैं, वही अब इस्राइल के साथ ईरान पर थोपे युद्ध को खत्म नहीं कर पा रहे हैं।

अंकल सैम में हमें कई बार 'हॉलीवुड' के 'सुपरमैन', 'स्पाइडरमैन', 'हीमैन', 'डर्टी हैरी', 'रेंबो' और 'कैप्टन अमेरिका' तथा 'बैटमैन' के 'जोकर' व 'मोगेंबो' का 'मिक्स' नजर आता है, जिसने दुनिया को हॉलीवुड का 'सेट' समझ लिया है, जहां से वह दुनिया को बचाने के बहाने अपनी 'गनबोट डिप्लोमेसी' के जरिये उस पर 'टोटल कंट्रोल' कर सकता है। कुछ वक्त पहले, जो जिस-तिस को धमकाते फिरते थे कि मेरी नहीं मानी, तो टैरिफ लगाकर बर्बाद कर दूंगा, आज दुनिया के देश इस हेकडी पर मन ही मन हंसते हुए मौके के इंतजार में हैं कि कब 'हंप्टी-डंप्टी' जी नीचे गिरें। अपनी दुनिया दुर्भाग्य से आज ऐसे कथित महाबली के सामने है, जो गब्बर की तरह एक दिन धमकाता है कि खबरदार जो रूस से तेल खरीदा और अगले दिन कहने लगता है कि रूस से खरीद सकते हो, जैसे उसके कहे बिना कोई पानी नहीं पिएगा।

अंकल सैम इसी मायने में लोगों को डरावने से अधिक मनोरंजक लगते हैं-कभी जेलेंस्की को बगल में बिठा कर ऐसे डांटते दिखते हैं, मानो वह बच्चा हो... ऐसे ही कभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को भरी सभा में तीन बार 'उठक-बैठक' करा देते हैं और वे किसी बालक की तरह ऐसा करते दिखते भी हैं। पर जब से भारी नुकसान उठाने के बाद ईरान ने पलटवार शुरू किया है, तब से अमेरिकी दुर्जेयता की सारी धज बिखर गई है और अब तो 'नाटो' देशों से गुहार करते दिखते हैं कि 'होर्मुज स्ट्रेट' के लिए अपने-अपने जहाज भेजो... लेकिन 'नाटो' वाले सीधे 'नो' कहकर इस युद्ध से अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। साफ है, अब दुनिया में अमेरिका की 'रिट' चलनी बंद हो रही है। कहां तो आए थे ईरान की 'सत्ता बदलने' व उसकी 'न्यूक्लियरबाजी' को 'नष्ट' करने, पर शीर्ष इस्लामी नेतृत्व के खात्मे के बाद भी न अंकल सैम ईरान की इस्लामी सत्ता को बदल पाए, न 'न्यूक्लियरबाजी' को ही नष्ट कर पाए।

पहले आदरणीय गाते रहे कि 'मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं.. मेरी मर्जी...', कि हम दुनिया के तेल के मालिक बनेंगे...सो एक दिन वेनेजुएला के 'मादुरो' को उठा लिए और वेनेजुएला के तेल पर कब्जा कर लिए, फिर इजराइल के साथ मिलकर सोचा कि ईरान को भी 'वेनेजुएला' बना देंगे, पर ईरान ने वेनेजुएला बनने से इन्कार कर दिया और खाड़ी में अमेरिका के मित्र देशों पर प्रत्याक्रमण करके बता दिया कि युद्ध भले तुमने शुरू किया हो, खत्म हम करेंगे... बुरा टैम, अंकल सैम! अपने अहंकार में अंकल सैम 'सैमुअल हंटिंगटन' की द क्लैश ऑफ सिविलाइजेशंस की सीख को ही भूल गए कि शीतयुद्ध के बाद का यह दौर 'धार्मिक, सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक संघर्षों' के युद्ध का दौर है।

देखा जाए तो, ईरान इन दिनों एक धार्मिक-सांस्कृतिक-सभ्यतामूलक युद्ध ही लड़ रहा है। हो सकता है, अमेरिका के लिए यह प्रकटतः 'आर्थिक-राजनीतिक व सामरिक' युद्ध हो, लेकिन ईरान के लिए यह एक 'धार्मिक सभ्यतामूलक युद्ध' ही है। सैमुअल हंटिंगटन की उक्त पुस्तक आज की 'बहुध्रुवीय दुनिया' के देशों के बीच बढ़ते नए तनावों और विवादों को समझने-समझाने में काफी हद तक मददगार नजर आती है। हंटिंगटन का कहना है कि शीतयुद्ध के बाद के दौर में देशों, राज्यों या राष्ट्रों के बीच झगड़ों की अपेक्षा जनता के बीच सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक झगड़े हुआ करेंगे...संसार में सात-आठ 'धार्मिक व सांस्कृतिक सभ्यताएं' हैं, जिनके बीच की 'फॉल्ट लाइनें' उनके 'संबंधों' को तय करती हैं। हंटिंगटन का यह भी कहना है कि पश्चिम को अब दुनिया के देशों को आधुनिक व जनतांत्रिक बनाने के लिए अपनी 'दादागीरी' करने की आदत छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि अब जो भी तनाव या संघर्ष होंगे, वे सांस्कृतिक सभ्यतागत पहचानों के बीच 'कॉम्पिटिशन' के परिणाम होंगे। इसीलिए, जैसे ही ईरान पर हमला हुआ, बहुत-से देशों में रहने वाली इस्लामी जनता ने ईरान पर हमले को 'पश्चिमी क्रूसेड', यानी 'पश्चिम के धार्मिक युद्ध' की तरह देखना शुरू कर दिया और जवाब में 'जिहाद' की भावना का इजहार करना भी शुरू कर दिया है।

बहुत-से कट्टरतावादियों व धार्मिक तत्ववादियों की नजर में अमेरिका और उसकी संस्कृति 'शैतान' का प्रतीक है। अमेरिका के 'ट्विन टावरों' को ध्वस्त करने के पीछे यही अवधारणा थी। आज भी बहुत-से धार्मिक तत्ववादी अमेरिका को 'इस्लामोफोबिस्ट' मानते हैं। इसलिए, यह लड़ाई अमेरिका के लिए प्रकटतः भले 'आर्थिक-राजनीतिक-सामरिक' हो, लेकिन ईरान के लिए 'धार्मिक, सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक' ही है। इसीलिए, जिस युद्ध को अमेरिका चार-पांच दिन में खत्म हुआ मानता था, वह अभी तक चल रहा है। जब दुनिया इतने से ही त्राहि-त्राहि करने लगी है, तो आगे संकट और बढ़ना है। इसीलिए, ईरान बिना कहे अमेरिका के मित्रों की बांह मरोड़कर दुनिया पर दबाव बना रहा है कि वे अमेरिका को हतोत्साहित करें और शांति समझौते के लिए दबाव डालें।

इस युद्ध को हम अगर आर्थिक-राजनीतिक युद्ध की तरह देखेंगे, तो हम यह नहीं समझ पाएंगे कि इतनी भारी बमबारी के बावजूद ईरान हथियार क्यों नहीं डाल रहा? वह इसीलिए हथियार नहीं डाल रहा, क्योंकि वह स्वयं 'पैन इस्लामिक विश्व' का एक हिरावल दस्ता है। ईरान पर इस हमले ने दुनिया के 'शियाओं' और 'सुन्नियों' के मतभेदों को भी पीछे कर दिया है, क्योंकि दोनों की वृहत्तर पहचान तो इस्लाम ही है, जिस पर आज पश्चिम का हमला हो रहा है। जो इस युद्ध के 'सांस्कृतिक' मानी समझते हैं, वे यही कहते हैं कि ईरान के लिए यह नया 'कर्बला' है। जब पुराने 'कर्बला' को वे आज तक नहीं भूले, तो इस नए 'कर्बला' को कैसे भूलेंगे?

खुला मंच

## हमें नहीं मिले एग्जाम फ्रेंडली गुरू...

अशोक गौतम

हे मेरे परमादरणीय गुरुजनो! आप मेरे लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी आगे हो। आपने मुझे अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाया। आपने मुझे अहंकार के बदले गर्व से सिर ऊंचा करके जीना सिखाया। भले ही आज स्वाभिमानियों के बदले अहंकारियों के सिर उत्तरोतर ऊंचे होते रहे हों। आपने मुझे झूठ की मीनारों तले सच के साथ खड़े होना सिखाया। आपका आभार!

पर दुःख इस बात का है कि आपने कभी भी परीक्षाओं के दिनों में परीक्षा भवन की झूठी गरिमा बनाए रखते उसे सामूहिक नकल का अखाड़ा कभी नहीं बनाया। आपने मेरे पेपरों में नंबर कभी आंखें मूंद कर नहीं लगाए।

मेरे परीक्षा देने के दौर में आप भी जो परीक्षा भवन के भीतर जरा से भी आ जाते तो न जाने कितनों के पुण्य धुल जाते। पर नहीं, आपको तो गुरु के पद की गरिमा बनाए रखनी होती थी। बस, इसी बात को लेकर आज मैं आपसे बहुत नाराज हूं।

हे मेरे परमादरणीय गुरुजनो! आपने मुझे जमकर तराशा। पर दुख केवल इस बात का है कि आपने मुझे परीक्षा केंद्र में आज के आदरणीयों टीचरों की तरह नकल नहीं दी। आप मेरे वे गुरुजन रहे जो हरदम हर जगह मेरे साथ तो रहे, पर परीक्षा केंद्र में मुझे मुस्कुराते हुए अकेला छोड़ देते थे। आखिर क्यों? क्या आप आज के टीचरों की तरह एग्जाम फ्रेंडली नहीं हो सकते थे? परमादरणीय गुरु वह नहीं जो अपने शिष्य को परीक्षा केंद्र में अकेला छोड़ दे, गुणी गुरु वही जो परीक्षा केंद्र में अपने शिष्यों का जमकर साथ दे।

अच्छा लगता है आज की तारीख में यह पढ़ देख कर कि समूह भावना परीक्षा भवन में तो कम से कम बची हुई है। अच्छा नहीं, बहुत अच्छा लगता है जब एग्जामिनेशन सेंटर की बिजली गुल कर सीसीटीवी को सीना दिखा सब समूह में बैठकर जात पात को भुला टीचर जी की अगुआई में सामूहिक नकल नहीं, कॉपिंग करते हैं। और वे सच्चे समाजवादी हो समान रूप से बिना किसी भेदभाव के सबको पेपर सॉल्व करवाते हैं तो मन ही नहीं, तन भी प्रफुल्लित हो उठता है। वाह! ये है सच्चा समाजवाद! वैसे भी अब सामूहिकता सहकारिता बची ही कहां है सर जी? सहकारी सभा की बैठकों तक में सब एक दूसरे को नंगा किए फिरते हैं। ऐसे में मुझे इस बात की खुशी नहीं, बहुत खुशी है कि चलो, देश का भविष्य न सही तो न सही, कम से कम सामूहिकता, सहकारिता का भविष्य तो उज्वल होगा। वैसे आज का दौर अक्लप्रियों का नहीं, नकलप्रियों का दौर है।

प्रसंगवश

## दुराग्रह ग्रसित होने से बचे चुनाव आयोग

*पांच राज्यों के चुनाव होने हैं, शीर्ष अधिकारियों की अग्नि-परीक्षा नहीं होनी है। अधिकारी भाजपाई या तृणमूल के बंधक नहीं होते। वे कानून और संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं। कोई अपवाद हो सकता है कि 'काली भेड़' साबित हो। उसे दंडित किया जा सकता है। उसका तबादला किसी 'काले पानी' की तरफ किया जा सकता है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जिस तरह वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस के तबादले किए गए हैं, वे न तो न्यायसंगत हैं और न ही निरपेक्ष हैं। चुनाव आयोग ने अपराह्न 4 बजे चुनावों की तारीखें घोषित की हैं और गहरी रात, अर्थात् आधी रात, में बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था के प्रमुख, कोलकाता के पुलिस आयुक्त आदि के एक साथ तबादले कर दिए गए। हम मानते हैं कि संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को व्यापक शक्तियां देता है, लेकिन ये तबादले राजनीतिक मंशा और दुराग्रह से किए गए हैं। यह भी सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि ऐसे शीर्ष अधिकारियों के तबादले दो साल से पहले नहीं किए जा सकते। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में वरिष्ठतम होते हैं और संघ लोक सेवा आयोग इनकी अनुशंसा करता है। कोई राजनीतिक बॉस इनका नियोक्ता नहीं है। सवाल यह भी है कि चुनाव आयोग को कैसे पता कि ये अधिकारी निष्पक्ष चुनाव और हिंसामुक्त माहौल में चुनाव नहीं करा सकते अथवा ये सभी अधिकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वफादार हैं? आयोग ने एक ही झटके में बंगाल की शीर्ष नौकरशाही को हिला कर रख दिया। क्या रोजमर्रा का प्रशासन चुनाव आयोग चलाएगा? यदि बंगाल में प्रशासनिक बदलाव किया गया है, तो तमिलनाडु और केरलम में ऐसा क्यों नहीं किया गया? असम में दिखावे को पांच जिलों के एसएसपी बदले गए हैं। संदेह होता है कि चुनाव आयोग किसी की 'कठपुतली' बनकर काम कर रहा है। भारत के लिए यह विडंबना और दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि हमारा चुनाव आयोग वैश्विक स्तर पर एक उदाहरण रहा है और विभिन्न देशों के प्रतिनिधि हमारे चुनावों के दौरान 'पर्यवेक्षक' की भूमिका में होते हैं।*

*बेशक बंगाल में राजनीतिक हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। पहले वामपंथी गांव-गांव, कस्बा-दर-शहर हत्याएं कराते थे। अब 2011 से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का राजनीतिक काडर हत्याएं कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक मंच से इन राजनीतिक हिंसाओं का उल्लेख कर चुके हैं। लोकसभा चुनाव में 7 ऐसी हत्याएं की गईं और 740 लोग घायल हुए। उनमें से जिंदा बचने वालों का कोई अधिकृत आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। घर तक जला दिए गए। हत्या के बाद शवों को पेड़ से लटकाया जाता रहा। केरलम में तो हिंसा का ऐसा बर्बर रूप है कि विरोधी पक्ष के सक्रिय कार्यकर्ताओं और नेताओं की टांगें तक तोड़ कर उन्हें अपाहिज बना दिया जाता है। कोई भी नौकरशाह इस राजनीतिक हिंसा को रोक नहीं सकता। चुनाव आयोग मुगालते में होगा! तमिलनाडु में भी द्रविड़ बनाम हिंदू और गैर-द्रविड़ के दरमियान उग्रता, क्रूरता के कई उदाहरण सामने आते रहे हैं। उन राज्यों के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सरीखे शीर्षतम नौकरशाहों को क्यों नहीं बदला गया? सिर्फ इतना ही नहीं, लोकसभा चुनाव, 2024 से पहले गुजरात, उप्र, बिहार, हिमाचल, झारखंड, उत्तराखंड आदि राज्यों में सिर्फ गृह सचिव बदले गए थे। हिमाचल और झारखंड को छोड़ कर शेष राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकार थी और आज भी है। जब महाराष्ट्र, हरियाणा, उप्र, मप्र आदि में विधानसभा चुनाव थे और विपक्षी कांग्रेस ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को बदलने की मांग की थी, तो चुनाव आयोग ने खारिज क्यों कर दिया था? इन राज्यों में भी भाजपा-एनडीए सरकारें थीं और आज भी हैं। साफ लग रहा है कि चुनाव आयोग का व्यवहार पक्षपातपूर्ण रहा है? दरअसल संवैधानिक संस्था के मायने ये नहीं हैं कि आयोग निरंकुशता और स्वच्छंदता से काम करे, फैसले ले।*



इलेक्ट्रिक वाहन नीति

### योजनाओं के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री उम्मीद के अनुसार नहीं बढ़ रही

## विश्वास का सवाल है कि ईवी समस्यामुक्त हैं या नहीं

मधुरेंद्र सिन्हा



सरकार की योजनाओं और प्रोत्साहनों के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री उम्मीद के अनुसार नहीं बढ़ रही, जिसके कारणों को समझना जरूरी है। भारत के वाहन बाजार में खूब गहमागहमी है और एक से बढ़कर एक कारें और अन्य गाड़ियां लॉन्च हो रही हैं। भारतीयों का कारों के प्रति प्रेम बढ़ता ही जा रहा है, लेकिन समस्या यह है कि हमें इसके लिए बड़े पैमाने पर कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है, जिससे देश का व्यापार घाटा भी बढ़ता जाता है।

सरकार ने इसका समाधान यह निकाला कि बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों का निर्माण किया जाए, उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया जाए और लोगों को इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसलिए सरकार ने एक योजना बनाई, जिसमें तय किया गया कि 2030 तक देश में 80 फीसदी दोपहिया और तिपहिया वाहन इलेक्ट्रिक हों, 40 प्रतिशत बसें, 70 फीसदी वाणिज्यिक वाहन और 30 प्रतिशत कारें इलेक्ट्रिक हों। इससे बड़े स्तर पर ईंधन की बचत होगी। इसी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई तरह की योजनाएं और प्रोत्साहन शुरू किए, जैसे पीएलआई स्कीम। कई राज्यों ने वाहन रजिस्ट्रेशन में छूट दी और रोड टैक्स भी घटाया, पर इनका ज्यादा लाभ नहीं हुआ तथा इलेक्ट्रिक कारों की कुल संख्या 2024-25 में सिर्फ 6.3 से 7.6 फीसदी रही। हालांकि, इसमें बढ़ोतरी हो रही है, किंतु उस रफ्तार से नहीं, जिसकी अपेक्षा थी। वाणिज्यिक वाहनों में तो यह संख्या निराशाजनक है। आखिर क्या कारण है कि सरकार द्वारा प्रोत्साहित किए जाने और तमाम नई-नई कारों के लॉन्च के बावजूद भारत में इनकी बिक्री बढ़ नहीं पाई?

सबसे पहले विश्वास का सवाल है कि इलेक्ट्रिक वाहन समस्यामुक्त हैं या नहीं। अभी लोग इन्हें थोड़ा संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं और ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं। लेकिन जैसे-जैसे सड़कों पर गाड़ियों की संख्या बढ़ने लगेगी, तो लोगों के मन में विश्वास भी पैदा होने लगेगा। दरअसल, अभी लोगों में शंका है कि ये गाड़ियां चार्ज खत्म हो जाने पर कहां चार्ज होंगी? चार्जिंग स्टेशन बहुत कम हैं, इसलिए दूसरे शहर जाने वाले लोग सोचते हैं कि वहां कार चार्ज करने की सुविधा मिलेगी भी या नहीं। यह डर उसी तरह का है, जब सीएनजीयुक्त कारों के मालिक गैस स्टेशन ढूंढते थे। हालांकि, सरकार की ओर से चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं, लेकिन उनकी संख्या कम है। ऐसे में, पेट्रोलियम कंपनियों को आगे आना होगा और पेट्रोल पंपों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने की पहल करनी होगी। इसका समाधान कार कंपनियां भी तलाश रही हैं। कुछ कंपनियों-जैसे वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ने छोटे चार्जर बना दिए हैं, जिससे घर बैठे कार चार्ज हो सकती है। इस दिशा में काफी प्रयास होता दिख रहा है।

एक सवाल यह भी है कि एक बार चार्ज होने पर कार कितनी दूरी तय करेगी? शुरुआती दौर में जो कारें आईं, वे 200-250 किलोमीटर तक चल पाती थीं। पर इससे लोग आकर्षित नहीं हो पाए। अब ऐसी कारें आ गई हैं, जो एक बार चार्ज होने पर 500 किलोमीटर तक चल रही हैं। इसमें कोरियाई कंपनी किआ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, चीनी कंपनी बीवाईडी भी हैं। टेस्ला ने 600 किलोमीटर से भी ज्यादा चलने वाली कारें बनानी शुरू कर दी हैं।

इसके साथ ही ऐसी कारें भी आ गई हैं, जो कम समय में पूरी चार्ज हो जाती हैं। कारों की बैटरी को लेकर हमेशा एक संशय बना रहता है कि इनका जीवनकाल कितना होगा और बदलने पर कितना खर्च आएगा। इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियां भारत में बहुत कम बनती हैं और इसका 80 फीसदी उत्पादन चीन में होता है। इस कारण से ये महंगी हैं और इनकी कीमत लाखों रुपये में होती है। इसलिए, ग्राहक इन्हें नहीं खरीदना चाहते। हालांकि, अब भारतीय कंपनियां नई तकनीक के साथ बैटरियां बना रही हैं। ग्राहकों की इस झिझक को देखते हुए कुछ कंपनियों ने कार बाय-बैक स्कीम शुरू की है। इसमें पांच या कुछ साल बाद कंपनी कार को वापस खरीद लेती है, जिससे लोगों का डर कम हो रहा है। यह धारणा भी है कि इलेक्ट्रिक कारें महंगी होती हैं। पर टाटा मोटर्स ने नई सस्ती कारें पेश करके इसे भी खत्म कर दिया है। यह कंपनी इलेक्ट्रिक कारें बनाने में भारत में अग्रणी रही है। विदेशी कंपनियों की कारें काफी महंगी होती हैं। बीवायडी की कारें करीब 40-50 लाख रुपये की होती हैं, और टेस्ला की कारें भारत में नहीं बनतीं, इसलिए उस पर आयात शुल्क लगता है, जिससे उनकी कीमत और बढ़ जाती है। एक वजह यह भी है कि पहले अलग-अलग राज्यों से मिलने वाली सब्सिडी कम या खत्म होने की वजह से अब इन पर मिलने वाला फायदा घट गया है। पहले कहा गया था कि इन गाड़ियों को टोल टैक्स में भी छूट मिलेगी, पर अब ऐसा नहीं है। इसी कारण वाणिज्यिक वाहन चलाने वाले लोग इन्हें लेने से बच रहे हैं। इन गाड़ियों के ऋण पर ब्याज में भी कोई खास छूट नहीं मिलती, जिससे ये और महंगी पड़ती हैं।

इस समय, जबकि वाहन बाजार में स्पर्धा आ गई है और शानदार कारें उतर रही हैं, सरकार को एक बार फिर इस ओर ध्यान देना होगा। ईरान-खाड़ी युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि भी हो सकती है। ऐसे में, इलेक्ट्रिक कारों या वाहन उद्योग को सहारा देकर सरकार एक नया रास्ता खोल सकती है। इससे अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

जीवन दर्शन

## नकारात्मक सोच से आत्म सम्मान में कमी



कुछ लोगों को केवल नकारात्मक बातें ही करने की आदत नहीं होती। बल्कि उन्हें खुद की भी आलोचना करने की आदत होती है। वो खुद के प्रति भी नकारात्मक सोचते हैं और खुद से वैसी बातें भी करते हैं। इसके कई गंभीर परिणाम होते हैं। अगर किसी के साथ ऐसा हो। तो उसे क्या करना चाहिए?

नकारात्मक आत्म-संवाद से खुद की आलोचना और आत्म-सम्मान में कमी आती है, इसलिए इसे पहचानना और रोकना आवश्यक है। अपने विचारों को चुनौती देना और सकारात्मक संवाद स्थापित करना मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

ध्यान करना और करीबी लोगों से विचार साझा करना नकारात्मक सोच को कम करने और मानसिक स्पष्टता हासिल करने में सहायक होते हैं।

हर मनुष्य की ऊर्जा अलग-अलग होती है लेकिन नकारात्मक ऊर्जा गंभीर परिणाम लिए होती है। चाहे वो दूसरों के लिए हो या फिर खुद के लिए। असल में हमारा मन दिन भर अपने बारे में बातचीत करता रहता है। जिनमें से कुछ बातें सकारात्मक होती हैं और कुछ नकारात्मक। जब यह बातचीत ज़्यादा नकारात्मक हो जाती है। तब हम खुद को आलोचना या शक से देखने लगते हैं। खुद को पीड़ित करते हैं और खुद से ऐसे शब्द कहते हैं जो हमारे आत्म-विश्वास को कमजोर करते हैं। इससे आत्म-सम्मान घटता है और मानसिक तनाव बढ़ता है। अगर खुद के साथ कुछ ऐसा घटित हो रहा हो तो नकारात्मक आत्म-संवाद को पहचान कर ठीक किया जा सकता है।

सबसे पहले खुद में ये एहसास होना जरूरी है कि आप खुद के प्रति नकारात्मक हो रहे हैं। जो आपको नुकसान पहुंचा रहा है। इसलिए। जब मन में कोई ऐसा विचार आता है जैसे मैं असफल हूँ या मैं इसे नहीं कर सकता। तो इसपर ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए आपको अपने दिल की आवाज सुननी चाहिए। आपके लिए इस बात का फर्क समझना भी जरूरी है कि आपका खुद के प्रति जो विचार है। वो सोच सच्चाई पर आधारित है। या केवल आपको ऐसा महसूस होता है और वक्त के साथ यह बढ़ता ही जा रही है।

सबसे पहले यह समझें कि कब और कैसे आप खुद की कठोर शब्दों में आलोचना करते हैं। यह जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आपके विचार किसी घटना से प्रेरित हैं या फिर आप जो महसूस कर रहे हैं वो सच है। इससे आप अपने विचारों के प्रति अधिक जागरूक होंगे और फिर उनपर सोचना शुरू करेंगे।

**चंदा कुमारी**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

दैवी ह्येषा गुणमयी
मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते
मायामेतां तरन्ति ते॥

**भावार्थ**

श्री कृष्ण कहते हैं- मेरी यह दिव्य माया तीन गुणों से बनी हुई है और अत्यंत दुस्तर है, परन्तु जो मेरी शरण में आते हैं, वे इस माया को पार कर जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आकाशवाणी महानिदेशक राजीव जैन ने किया भोपाल केंद्र का निरीक्षण

**जागरण, भोपाल।** आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन ने भोपाल केंद्र का औपचारिक दौरा कर कार्यक्रमों की गुणवत्ता की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र के ऐतिहासिक आर्काइवल (संग्रहणीय) कार्यक्रमों का विवरण महानिदेशालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इन्हें मुख्य दस्तावेजों में शामिल किया जा सके। जैन ने वर्तमान दौर में लोक प्रसारक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आधुनिक तकनीक के समन्वय और शिक्षा-मनोरंजन के संतुलित समावेश पर बल दिया। उन्होंने स्टूडियो का अवलोकन कर भविष्य में 'विजुअल रेडियो' शुरू करने की दिशा में मार्गदर्शन भी प्रदान किया। महानिदेशक ने विश्वास जताया कि रेडियो का स्वर्णिम समय लौट रहा है और यह माध्यम आज भी आमजन के गहरे विश्वास से जुड़ा हुआ है।

मार्च इक्विनॉक्स

### आज ठीक पूर्व से उदय होकर ठीक पश्चिम में अस्त होगा सूर्य




**जागरण, भोपाल।** विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने खगोल विज्ञान की एक महत्वपूर्ण घटना 'मार्च इक्विनॉक्स' पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज प्रकृति का एक अनूठा संतुलन देखने को मिलेगा। भारतीय समयानुसार शाम 8 बजकर 16 मिनट पर होने वाली इस घटना के दौरान सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक लंबवत होगा, जिससे साल में पहली बार सूर्य बिल्कुल सटीक पूर्व (ईस्ट) दिशा से उदित होकर ठीक पश्चिम (वेस्ट) में अस्त होगा। पृथ्वी की धुरी के 23.4 डिग्री झुकाव के कारण होने वाली यह खगोलीय घटना 6 महीने के अंतराल के बाद घटित हो रही है। खगोलशास्त्री इस बिंदु को 'फर्स्ट पॉइंट ऑफ एरीज' कहते हैं, जो अंतरिक्ष की गणनाओं के लिए 'जीरो पॉइंट' का कार्य करता है। सारिका ने प्रचलित भ्रांतियों को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि अक्सर मीडिया में इसे दिन-रात बराबर होने की घटना कहा जाता है, जबकि वास्तविकता में दिन-रात बराबर होने की घटना (इक्विलक्स) पांच दिन पहले 15 मार्च को ही हो चुकी है। आज की घटना मुख्य रूप से सूर्य की सटीक दिशा और उसके भूमध्य रेखा को पार करने से संबंधित है।

थिएट्रिक्स-28 का आगाज

### विहान ड्रामा वर्क्स की कार्यशाला में रंगमंच की बारीकियां सीख रहे युवा

**जागरण, भोपाल।** राजधानी की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था विहान ड्रामा वर्क्स के तत्वावधान में नौ दिवसीय विशेष थिएटर कार्यशाला 'थिएट्रिक्स-28' का शुभारंभ गुरुवार को शिवाजी नगर में हुआ। 19 से 27 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को रंगमंच की रचनात्मक प्रक्रियाओं से जोड़कर उनकी अभिव्यक्ति, संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति को मंच के माध्यम से विकसित करना है। प्रसिद्ध रंगकर्मी, निर्देशक और थिएटर प्रशिक्षक सौरभ अनंत के निर्देशन में आयोजित इस सत्र के पहले दिन प्रतिभागियों ने परिचय सत्र के साथ-साथ शरीर, स्पेस और भाव-भंगिमाओं से जुड़ी विभिन्न थिएटर एक्सरसाइज में भाग लिया। इन अभ्यासों के जरिए युवाओं ने रंगमंच को केवल अभिनय नहीं, बल्कि अनुभव और स्वयं की खोज की एक प्रक्रिया के रूप में समझा।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का महिला विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंबई स्थित केंद्रीय कार्यालय में एक दिवसीय महिला विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। आशीष पाण्डेय, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, तथा नितेश रंजन, बैंक के कार्यपालक निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में इस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरीश सिंह चौहान, भारत सरकार के गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नवी मुंबई के उप निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालय प्रमुख, मुख्य अतिथि रहे। जबकि चित्रा देसाई, लेखिका एवं अधिवक्ता, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान, बैंक में हिंदी के प्रचार-प्रसार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला कार्यपालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यपालकों द्वारा बैंकिंग कार्यों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग पर जोर दिया और बताया कि इस डिजिटल युग में, ई-टूल्स और तकनीकी संसाधनों के उपयोग से राजभाषा में कार्य करना असरल और प्रभावी हो गया है। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं की भूमिका को रेखांकित किया, तथा महिला नेतृत्व विकास, बदलते बैंकिंग परिदृश्य और कार्य संस्कृति में समन्वय के महत्व पर जोर दिया।

### युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी

**जागरण, भोपाल।** बिलखिरिया थाना में युवक ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसने पहले भी खुदकुशी करने की कोशिश की थी। पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय रोहित विश्वकर्मा पिता मांगीलाल पीरिया मोहल्ला में रहता था। वह सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था। वह शराब पीने का आदी है। 6 महीने पहले उसने आत्महत्या की करने की कोशिश की थी। जिसके बाद वह एम्स अस्पताल में भर्ती था। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे खेत में आम के पेड़ पर रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी।

# 60 साल से अखण्ड ज्योति जल रही है झूलेलाल मंदिर में



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधी बाहुल्य इलाके संत हिरदाराम नगर में के वार्ड 4 में एक ऐसा भी झूलेलाल मंदिर है, जहां पिछले 60 साल से अखण्ड ज्योति जल रही है, और आज तक उसे किसी ने भी बुझा हुआ नहीं देखा है। हर साल की तरह इस बार भी इस मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। सिंधियों के इष्ट देवता के रूप में देश व दुनिया के सिंधी भाषी जयंती पर विशेष पूजा अर्चना करते हैं। इस बार झूलेलाल जयंती शुक्रवार 20 मार्च को है और इस 60 साल पुराने मंदिर में हर साल बच्चों के मुंडन एवं जनेऊ की विशेष व्यवस्था की जाती है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी एवं कोषाध्यक्ष राज मनवानी ने बताया कि इस बार भी शुक्रवार को मुंडन हेतु नाई एवं जनेऊ के लिए पंडित की मुफ्त व्यवस्था की गई है। दिनेश वाधवानी एवं राज मनवानी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे से ज्योति प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथियों द्वारा किया जायेगा। मंदिर में अखंड ज्योति जो विगत 60 वर्षो से भी पूर्व से प्रज्जवलित हैं, इस ज्योति का प्रज्जवलन ठकुर साहब द्वारा किया गया था, वह निर्बाध रुप से इस नगर को रोशन कर रही हैं। इस मंदिर में सबसे पहले ज्योति ही जलाई जाती थी बाद में उडेरोलाल झूलेलाल जी की तस्वीर और उसके बाद मूर्ति की स्थापना की गई थी, मंदिर एक छोटे से कमरे जो कि शेड में बनाया गया था, जो आज एक आस्था का केन्द्र तो है ही साथ ही मनोकामना पूर्ण का भी स्थान है। यहां प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालु मथा टेकने आते है। शुक्रवार को कीर्तन और छेज के साथ-साथ मुण्डन, जर्नें की व्यवस्था के साथ-साथ नाई, पण्डित, ढोल, नगाडे आदि की निःशुल्क मंदिर सदस्यो द्वारा विगत 50 वर्षो से पूर्व से की जाती रही है। मंदिर परिसर में ही 3 हाल, 6 कमरे आदि नाम मात्र शुल्क पर व्यवस्था की जाती है। बडा हाल श्री कोडोमल हाल छोटा हाल श्री तेजवानी हाल तथा वर्तमान में प्रथम तल पर पूज्य सिंधी पंचायत के संस्थापक अध्यक्ष स्व. श्री पमनदास मनवानी के परिवार द्वारा मनवानी परिसर के नाम से बनाया गया है। चौतीचांद पर्व पर आरती उपरांत सुखो सेसा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर परिसर को रोशनी से जगमग किया गया है तथा पूरे रास्ते को भी रोशन किया जाएगा।

**यहां भी कार्यक्रम:** नेहरू पार्क नगर निगम जोन कार्यालय के समीप स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर जहां भगवान शिव पार्वती, संत हिरदाराम जी, स्वामी शांति प्रकाश एवं हेमू कालानी की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां भी झूलेलाल जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मंदिर के प्रभारी समाज सेवी राजकुमार वाधवानी एवं रामकुमार पारदासानी ने बताया कि यहां सुबह 11 बजे वेदांत संत एवं विचारक संत लाल साईं महाराज ध्वज फ्हराएंगे इसके बाद बहिराणा साहिब, पल्लव एवं सुख शांति व कारोबार वृद्धि के लिए आरती का आयोजन किया गया है यहां भंडारा भी चलेगा।

## आज निकलेगी एक किलोमीटर लंबी भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधियों के इष्ट देव भगवान झूलेलाल जिन्हें गांव गांव में इन्द्र देव एवं वरूणावतार के नाम से पूजा जाता है, की जयंती शुक्रवार को सिंधी बाहुल्य इलाके संत हिरदाराम नगर के अलावा भोपाल की सिंधी सेन्ट्रल पंचायत द्वारा भी जोरदार ढग से मनाने का निर्णय लिया गया है। जहा संत हिरदाराम नगर में सिंधु समाज के तत्वावधान में शाम 5 बजे भव्य एवं आकर्षक शोभा यात्रा निकलेगी वहीं हमीदिया रोड पर नादरा बस स्टेण्ड से भोपाल सिंधी समाज ने इसका आयोजन किया गया है। संत हिरदाराम नगर में शोभा यात्रा के मार्ग का यात्रा संयोजक एवं कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, कोषाध्यक्ष नंदलाल पंजवानी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी एवं भाजपा नेता नरेन्द्र लालवानी के साथ पुलिस अधीक्षक मलकीत सिंह, एसीपी ट्रेफ्कि योगेन्द्र यादव, एसीपी आदित्य राज सिंह, ट्रेफ्कि टीआई आरती कतीजा ने सिंधु समाज से लेकर मिनी मार्केट, चंचल रोड, प्रेम रामचंदानी मार्ग, एफ वार्ड रोड एवं मख्य मार्ग पर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ट्रेफ्कि एसीपी देवेन्द्र यादव ने बताया कि उस दिन जुलूस समय के दौरान लालघाटी से ट्रेफ्कि को डायवर्ट किया गया है।

**30 हजार लोग शामिल होंगे, पूर्व संध्या पर निकली दोपहिया वाहन रैली**

# बोहरा समाज ने सादगी से मनाई ईद, मस्जिदों में जुटे समाजजन

## सुन्नी समुदाय कल मनाएगा ईद, शहर काजी पढ़ाएंगे ईद की नमाज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** बोहरा समाज ने ईद का पर्व गुरुवार को सादगी और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। सुबह से ही अलग-अलग मस्जिदों और मरकजों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। नमाज के दौरान देश और दुनिया में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की गई। नमाज नूर महल मरकज, अलीगंज मस्जिद, करोंद स्थित बुरहानी मस्जिद, सोफिया कॉलेज परिसर की बद्री मस्जिद, कोहफिजा मरकज, कब्रस्तान स्थित अहमदी मस्जिद और मालीपुरा की हुसैनी मस्जिद में अदा की गई। सभी स्थानों पर समाजजनों ने अनुशासन और सादगी के साथ धार्मिक परंपराओं का पालन किया। मीडिया इंचार्ज इब्राहिम अली दाऊद ने बताया कि अलीगंज मस्जिद में जनाब इब्दे मदियान की मौजूदगी में नमाज अदा की गई। इस दौरान जूजर भाईसाहब जाकवी और मुफद्दल भाईसाहब की देखरेख में भी शहर के अन्य इलाकों में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। पूरे आयोजन में सादगी पर विशेष जोर रहा और समाजजनों ने आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाया।

**शहर काजी की तबियत बिलकुल ठीक:** ईद के पर्व के बीच कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल कर दी गई कि शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी की तबियत ठीक नहीं है। इस खबर के बाद से यह कयास शुरू हो गए कि ईद की नमाज कौन पढ़ाएगा। अब इस मामले में शहर मुफ्ती रईस खान ने अपना बयान जारी किया है और भोपाल की अवाम को संदेश दिया है कि शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी की सेहत एक दम ठीक है और ईदगाह पर ईद की नमाज शहर काजी खुद पढ़ाएंगे।



**कल देशभर में मनाई जाएगी ईद**

सुन्नी समुदाय शनिवार को ईद उल फितर का पर्व मनाएगा। भोपाल में गुरुवार शाम रुअते हिलाल कमेटी की बैठक हुई। मोती मस्जिद में मगरिब की नमाज के बाद चांद देखने की रस्म अदा की गई। जब चांद नजर नहीं आया तो देश के दूसरे शहरों से संपर्क किया गया। कहीं भी चांद नजर नहीं आने के बाद यह फैसला किया गया कि ईद उल फितर का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। शहर काजी मुश्ताक अली नदवी व अन्य उलेमाओं ने एक राय होकर यह निर्णय सुनाया है। इसी के साथ यह तय हो गया है कि अब रमजान के पूरे 30 रोजे होंगे।

# जब मंच पर उतरे जीवन के 'बिखरे अक्स'

## 'धरोहर-16' का आगाज : राजीव और रीता वर्मा 'रंग रत्न' से सम्मानित



**जागरण, भोपाल।** श्यामला हिल्स स्थित रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप सभागार में गुरुवार शाम चार दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव 'धरोहर-16' का भव्य शुभारंभ हुआ। 'कीर्ति बैले एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स' द्वारा कोरियोग्राफर स्व. प्रभात गांगुली की स्मृति में आयोजित इस समारोह के पहले दिन कला और सम्मान का अद्भुत संगम देखने को मिला। भारतीय रंगमंच और सिनेमा के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर राजीव वर्मा और उनकी पत्नी रीता वर्मा को कला जगत में उनके अतुलनीय योगदान के लिए 'स्व. प्रभात गांगुली रंग रत्न सम्मान 2026' से विभूषित किया गया। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और महान कलाकारों की विरासत से जोड़ना है। समारोह के प्रारंभ में आयोजकों ने स्पष्ट किया कि 22 मार्च तक चलने वाला यह आयोजन कलात्मक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महोत्सव के पहले दिन श्रद्धा शालिनी मालवीय के निर्देशन में नाटक 'बिखरे अक्स' का मर्मस्पर्शी मंचन किया गया। कहानी एक ऐसी विधवा स्त्री के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिसे पति की मृत्यु के बाद उसके जीवन में किसी अन्य महिला की मौजूदगी का कड़वा सच पता चलता है।


**OFFICE OF THE NAGAR PALIKA PARISHAD DEORI DIST SAGAR**

**Notice Inviting e-Tenders**

NIT No. 60 Dated: 18-03-2026

Online lumpsum bids for the following works under "sbm (u) - 2.0" (estimated on uadd issr (w.e.f - 02.08.2021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria

| Tender ID | Scope of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Time of Completion including rainy season |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_492455_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of deori town under SBM 2.0 | 711.98 | 355990.00 | 20000-00 | 12 months |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.inand www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only Online from 10:30 Hrs of 19-03-2026 to 17:30 Hrs. of 21-04-2026
3. Amendment to NIT, if any, would be published on web site only, and not in Newspaper.
4. GST shall be payable extra as per Govt. rules.


CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PALIKA PARISHAD DEORI
DIST SAGAR


भारत भवन में 'मध्यांतर' का मंचन, रिश्तों की कसौटी से रूबरू हुए दर्शक

# टूटने की कगार पर पहुंचकर फिर संभल गए रिश्ते....

**जागरण, भोपाल।** भारत भवन के बहुकला केंद्र में आयोजित स्त्री रचनाशीलता के उत्सव आद्या समारोह की शाम गुरुवार को मानवीय संवेदनाओं के नाम रही। एकरंग सोश्यो कल्चरल सोसायटी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नाटक 'मध्यांतर' ने मंच पर उन अनकही खामोशियों को स्वर दिया, जो अक्सर महत्वाकांक्षाओं के नीचे दब जाती हैं। जयवर्धन द्वारा लिखित और विभा श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सजे इस नाटक ने दर्शकों को रिश्तों की अहमियत पर आत्मचिंतन करने के लिए विवश कर दिया। नव संवत्सर के शुभ अवसर पर आयोजित इस गरिमामयी शाम की शुरुआत दर्शकों के तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत के साथ हुई। निर्देशक विभा श्रीवास्तव ने यह संदेश देने की सफल कोशिश की कि यदि समय रहते अपनों की कद्र न की जाए, तो अंत में केवल पछतावे का 'मध्यांतर' ही शेष रह जाता है।

- मंच पर बताई रिश्तों की अहमियत
- आद्या समारोह की शाम मानवीय संवेदनाओं के नाम रही।



### प्रेम, त्याग और समर्पण की अनूठी दास्तां



नाटक की कहानी एक मध्यमवर्गीय ड्रामा टीचर ज्ञान और उसकी कलाकार पत्नी छाया के इर्द-गिर्द घूमती है। जीवन में संतान सुख का अभाव और दूसरी शादी का सामाजिक दबाव उनके रिश्ते में दरारें पैदा करने लगता है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब एक हादसे में ज्ञान अपना पुरुषत्व खो देता है। अस्तित्व के इस संकट और हीन भावना के बीच छाया का चरित्र एक ढाल बनकर उभरता है। नाटक का चरम बिंदु अत्यंत प्रभावशाली रहा जब छाया अपने मातृत्व की सहज इच्छा को किनारे रखकर अपने पति के प्रति निष्ठा चुनती है और तलाक के कागजात फाड़कर समाज को आईना दिखाती है। मंच पर अपूर्व दत्त मिश्रा, निधि दीवान, संदीप पाटिल और उनके साथियों ने अपने जीवंत अभिनय से हर किरदार की पीड़ा और प्रेम को दर्शकों के दिल तक पहुंचाया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा जिला रीवा (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्र. 30/25-26/ ब0ले0लि0/का0यं0/ लो.स्वा.यां./2026 रीवा, दिनांक 16.03.2026

**ई- टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(01) निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्दीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आन लाइन प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

आन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 18.03.2026 डाक्यूमेंट डाउन लोड / टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 18.03.2026 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 01.04.2026 बिड सबमिशन प्रारंभ का दिनांक 18.03.2026 एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 01.04.2026 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। man-adatory A & Financial bid open का दिनांक 03.04.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(02) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(03) निविदाएँ निर्धारित तिथि दिनांक 03.04.2026 को खोली जावेंगी।

(04) कार्य का विवरण :-
रीवा जिले के विकासखण्ड रीवा एवं रायपुर के विभिन्न ग्रामो की योजनाओं में जल जीवन मिशन के तहत पुनरीक्षित डी.पी.आर. अन्तर्गत आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण, सम्पवेल निर्माण, ट्यबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

| ई-टेण्डर नं. | योजना का नाम | विकासखंड | कार्य की अनु. लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रूपये में | निविदा प्रपत्र की कीमत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED_491204_1 | तिवरिगवाँ, डेल्ही, सिलपरी, सोनारूपा, मोहगढ़, कछिगवाँ, मेथौरी, नदहा, हिनौती, मनिकवार - 2, परसवार, माजन, धवैया- 290, महुआ, अतरैला, पलिया - 351 (सप्तम आमंत्रण) | रायपुर | 496.77 | 496770.00 | 15000.00 | 9 माह (वर्षा ऋतु |
| 2026_PHED_491206_1 | देवरा, रहट, अमिलकी, रघुनाथपुर, उमरी अगडाल, सकरवट, सिलपरा, भानपुर (द्वितीय आमंत्रण) | सिरमौर | 173.18 | 173180.00 | 12500.00 | 6 माह (वर्षा ऋतु |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाइट (http//mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(चित्रांशु)
कार्यपालन यंत्री

जी- 27673/25

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन / सड़क संभाग शहडोल (म. प्र.)**

निविदा सूचना 19/एस.ए.सी. निविदा/वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 17/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई.एम.डी की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_491639_1 | शहडोल | तृतीय | मेंटोला से बिजहा मार्ग लम्बाई 4.00 किमी. में मजबूतीकरण का कार्य। | 373.88 | 373880/- | 15000/- | 05 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_491649_1 | शहडोल | तृतीय | श्यामढीह से सीतामढ़ी कनवाही बरनी मार्ग लम्बाई 3.00 किमी. का निर्माण कार्य। | 393.74 | 393740/- | 15000/- | 05 माह वर्षाऋतु छोड़कर |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय दिनांक 17.03.2026 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 30.03.2026 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 17.03.2026 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 30.03.2026 शाम 17:30 तक है।

टीप:- निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) मे पंजीयन अनिवार्य है।
निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।
मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)

जी-27644/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/एस.ए.सी./अनूपपुर/2025-26 अनूपपुर, दिनांक 13/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_PWDRB_490310_1 | अनूपपुर | प्लान मद | अमगवाँ पोंड़ी मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 237.49 | 15000/- | 237490/- | 03 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2026_PWDRB_490311_1 | अनूपपुर | प्लान मद | अनूपपुर जैतहरी मुख्य मार्ग से तजहा तालाब दुलहा मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. के 2.90 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 131.55 | 12500/- | 131550/- | 03 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 16.03.2026 (17.30 पी.एम.) से अंतिम तिथि 30.03.2026, (17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

जी-27632/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

# भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर विशेष




SARTHI DEVELOPERS
Developing Future

A NEW LANDMARK FOR BAIRAGARH
BLING SQUARE MALL

BLING SQUARE

DMart | cinépolis | ownd! | WOW! CHINA | WOW! MOMO | Upptizer THE FOOD COURT
CLUB | GAME ZONE | BARISTA | Shawarma Times | Moti Mahal

BLING SQUARE MALL, MAIN ROAD, BAIRAGARH, BHOPAL

## महानगर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित

चेटीचंड, नव वर्ष एवं गुड़ीपड़वा की हार्दिक शुभकामनाएं...

सुरक्षित-सुनहरा भविष्य
**महिला / कन्या समृद्धि योजना**
आपकी छोटी सी बचत से बनिए लाखों के मालिक

| प्रति माह जमा | अवधि | परिपक्वता राशि |
|---|---|---|
| रू. 5,000/- | 6 वर्ष 6 माह | रू. 5,02,922/- |
| रू. 10,000/- | 6 वर्ष 6 माह | रू. 10,05,844/- |
| रू. 20,000/- | 6 वर्ष 6 माह | रू. 20,11,688/- |

सुशील वासवानी
अध्यक्ष
एवं पूर्व अध्यक्ष म.प्र. आवास संघ (राज्यमंत्री दर्जा)

संचालक मण्डल - श्रीमती पायल शेठ, डॉ लाल कुमार किशनानी, श्री शशिकांत शेठ, श्री उमाशंकर गुप्ता, श्री राजेश हिंगोरानी, श्री नरेश कुमार वासवानी, श्रीमती सुशीला दयारामानी, श्री सहजू कुमार किशनानी, श्री लोकेश वासवानी, श्री विपिन कुमार, श्री जयदीप कुमार, श्री वीरेन्द्र दुग्गल

प्रकाश आसूदानी
मुख्य कार्यपालक

मुख्य शाखा : संत हिरदाराम नगर, भोपाल दूरभाष : 0755-4098000
करोंद शाखा : प्लॉट नं. 02, करोंद चौराहा, बायपास रोड, करोंद, भोपाल दूरभाष : 0755-2741999
टी.टी. नगर शाखा : सहकार भवन, रंगमहल टॉकीज के सामने, नॉर्थ टी.टी. नगर, भोपाल दूरभाष : 0755-3599238
गांधी नगर शाखा : प्लॉट नं. 6, पारस नगर, गांधी नगर, भोपाल-462036

## मध्य प्रदेश सिन्धु भवन ट्रस्ट

मूलचंद मनवानी मार्ग, 7, शिवाजी नगर, भोपाल-462003

॥ भगवान झूलेलाल जी की जय ॥

चेट्रीचंडु
नव वर्ष एवं गुड़ीपड़वा की
हार्दिक शुभकामनाएं

राजेन्द्र मनवानी (अध्यक्ष), हरीश ज्ञानचंदानी (महासचिव), अनिल वुध (कोषाध्यक्ष), गुलाब ठाकुर (इंदौर) (उपाध्यक्ष), पीताम्बर लोकवानी (ग्वालियर)) उपाध्यक्ष, महेश शखानी (रीवा) (सचिव), मनोज चंदानी (सह सचिव), जितेंद्र जादवानी (कानूनी सलाहकार)

पूर्व अध्यक्ष - डॉ. सी. पी देवानी, ईश्वर झामनानी (इंदौर), चेतन सुखरामानी, तुलसी नेनवानी, जयपाल सचदेव
ट्रस्टी - करतार सिंह बठीजा (जबलपुर), मनोज राजानी (देवास), मोहन लालवानी, श्याम कुमार चंदनानी, मनोज गोलानी, डी. डी. मेघानी, विशम्भर राजदेव, कविता ईसरानी

## Sadhu Vaswani Autonomous College

(Govt. Aided College)
Accrediation by NAAC - Grade 'B+'
Recognized by Higher Education, Govt. of M.P. & UGC New Delhi

चेट्रीचंडु
नव वर्ष एवं गुड़ीपड़वा की
हार्दिक शुभकामनाएं

Dayal Das Detani (President), Suresh Daryani (Vice President), Rajendra Manwani (General Secretary), Ashok Adwani (Secretary), Dinesh Wadhwani (Treasurer), Hemant Aswani (Auditor), Indar Adwani (Sports Secretary)

One Tree Hills, Sant Hirdaram Nagar, Bhopal - 462030, Tel.: 0755-2641488, 2640749 | E-mail: svcollege@rediffmail.com

ब्रह्मलीन संत सिरदाराम साहिबजी (पुष्कर राज)
परम श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी

चेती चाँद, चैत्र नवरात्री
गुड़ी पड़वा (हिन्दू नवर्ष)
की हार्दिक शुभकामनाएं

## लक्ष्मीदेवी विक्योमल सर्राफ एजुकेशनल सोसायटी

टैगोर वार्ड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)

रमेश हिंगोरानी (सचिव)
योगेश हिंगोरानी संचालक

## ADMISSIONS OPEN

Gandhi Nagar's No. 1 Group of School
**L.V.S. GROUP OF SCHOOL**
(Affiliated to M. P. Board)
Pre-Nursery to 12th
(English Medium)
Hurry Up Limited Seats
Tagore Ward, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.)
Phone : 0755-4854288 (LVS), 2528782 (PKPS), 4270472 (VCD)

## SEWA SADAN EYE HOSPITAL

Our Mission - Your Vision

आयोलाल-सभई चओ झूलेलाल
चेट्रीचंड्र, गुड़ी पड़वा
और नव संवत्सर
पर सभी को
बधाई और शुभकामनाएं...

**सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय**
नेत्र रोग चिकित्सा का सामान्य कामकाज
अब पूर्णत: नये भवन में शुरू हो गया है।

नया पता:- एयरपोर्ट रोड तिराहा, गाँधी नगर के पास, भोपाल

- विशाल अस्पताल भवन
- भीड़-भाड़ और ट्रैफिक जाम से मुक्त
- सुरम्य वातावरण, विशाल पार्किंग
- रियायती दरों पर उच्च गुणवत्ता नेत्र चिकित्सा

ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करें

0755-2641200, 2643581
ईमेल-sewasadaneyehospital@gmail.com
sewasadan.org

चेट्रीचंडु
नव वर्ष एवं गुड़ीपड़वा
की हार्दिक
शुभकामनाएं

**गुरुमुखदास खानचंदानी**
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, संत हिरदाराम नगर भोपाल

नव संवत्सर, चेटीचण्डु एवं चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएँ!

## MITHI GOBINDRAM PUBLIC SCHOOL
## NAVNIDH HASSOMAL LAKHANI PUBLIC SCHOOL

Affiliated to CBSE Senior Secondary Schools
(Run by - Shaheed Hemu Kalani Educational Society)

CBSE Affiliation No. 1030141 | CBSE Affiliation No. 1030185



## ADMISSION OPENS

FOR THE SESSION 2026-27

Std. I | Std. XI (SCIENCE & COMMERCE)

Online Admission forms are available on the school websites:
www.mithipublicschool.com
www.navnidhbhopal.com

FOR MORE DETAILS CONTACT
Sant Hirdaram Nagar, Bhopal
Ph.: 0755 4244773, 4074769

## SABDHANI COACHING INSTITUTE

Since 1972
BANK | SSC | RAILWAY | VYAPAM
INSURANCE | POLICE | PSC | OTHER

BRANCHES: GOVINDPURA | P&T CHOURAHA | LALGHATI | GULMOHAR | M.P. NAGAR


Director
Anand Sabdhani

Follow us on : Sabdhani Coaching

0755-2665306, 4228306, 9826393891

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.8 | 17.6 |
| मुंबई | 30.7 | 21.2 |
| चेन्नई | 37.2 | 19.5 |
| कोलकाता | 32.6 | 24.7 |

सूर्यास्त 6:31 PM
सूर्योदय 6:26 AM
चन्द्रोदय 6:24 AM
चन्द्रास्त 6:56 PM

# राजस्थान के ड्राइवर की रतलाम में पीट-पीटकर हत्या, 8 हिरासत में

## ट्रक से गिरे पानी के छींटे को थूक समझकर लाठी-टामी से सामूहिक हमला कर ली जान



**जागरण, रतलाम।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के दो सगे ट्रक ड्राइवर भाइयों के साथ रतलाम में मारपीट हुई। इसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। दोनों महाराष्ट्र से अलग-अलग ट्रकों में पपीता और कपास लेकर राजस्थान जा रहे थे। रास्ते में ट्रक से उड़े पानी के छींटों को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना बुधवार देर रात बिलपांक थाना क्षेत्र में हुई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दोनों पक्ष मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, चित्तौड़गढ़ जिले के छोटी सादड़ी क्षेत्र के रहने वाले उदयसिंह तंवर (42) पपीता से भरा ट्रक लेकर महाराष्ट्र से निकले थे। वहीं उनके छोटे भाई भगवानसिंह तंवर (39) कपास से भरा ट्रक लेकर खंडवा के सनावद से रवाना हुए थे। दोनों की मुलाकात मानपुर में हुई, जिसके बाद वे साथ-साथ ट्रकों से राजस्थान की ओर निकल गए। उदयसिंह ट्रक में पपीता लेकर राजस्थान के पुष्कर जा रहा था। वहीं छोटा भाई भगवानसिंह कपास लेकर भीलवाड़ा जा रहा था।

रतलाम के पास फोरलेन पर चलते समय आगे चल रहे पपीते से भरे ट्रक से पानी के छींटे पीछे आ रहे बाइक सवारों पर पड़े। बाइक सवारों ने इसे थूकना समझ लिया और ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर नहीं रुका। इसके बाद कुछ दूरी पर चिकलिया टोल नाके के पहले एक होटल पर ट्रक रुका। पीछे आ रहे बाइक सवार भी वहां पहुंच गए और विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान छोटा भाई भगवानसिंह भी वहां पहुंचा। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवारों ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया।

# थ्रेसर में फंसा किसान, सिर पिसकर गायब, धड़ मिला

## रायसेन में गेहूं निकालते वक्त मशीन ने अंदर खींचा

**जागरण, रायसेन।** प्रदेश के रायसेन जिले में गुरुवार दोपहर एक किसान की दर्दनाक हादसे में थ्रेसर मशीन में फंसकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि किसान की गर्दन धड़ से अलग हो गई। सिर पिसकर गायब हो गया। सिर्फ धड़ ही बचा। मामला बाड़ी थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान नर्मदा कहार (42) पुत्र छुट्टन कहार के रूप में हुई है, जो बाड़ी के वार्ड नंबर 01 के निवासी थे। हादसे में उनके हाथ भी कट गए। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में कटे के निशान हैं। मशीन के अंदर खून के छींटे मिले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे गेहूं की फसल की कटाई पूरी हो चुकी थी। नर्मदा कहार खुद थ्रेसर मशीन के पास खड़े होकर कटी फसल उसमें डाल रहे थे। आधी से ज्यादा फसल मशीन में डाली जा चुकी थी। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया। वे थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गए। मशीन की तेज रफ्तार के कारण उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते उनका शरीर मशीन के भीतर खिंचता चला गया। मौके पर मौजूद अन्य किसान कुछ समझ पाते उससे पहले ही हादसा हो चुका था। घटना के बाद खेत में अफरा-तफरी मच गई। आसपास काम कर रहे किसान और मजदूर घबरा गए। किसी ने तुरंत मशीन बंद की, तो किसी ने गांव में सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।



# ईवी चार्जिंग से जुड़े हादसे रोकने रणनीति बनाएंगे : डॉ. यादव



**जागरण, इंदौर।** इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान घर में लगी आग से पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को इंदौर पहुंचे। पीड़ित परिवार के सदस्य दो दिन से जंजीरवाला चौराहा स्थित जैन श्वेतांबर धर्मशाला में रह रहा है। धर्मशाला के तेरापंथी सभागृह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हादसे में मृत कारोबारी मनोज पुगलिया के बेटों सौरभ व सौमिल से मुख्यमंत्री ने मुलाकात कर सांत्वना दी। करीब 20 मिनट परिवार के बीच रहे मुख्यमंत्री को परिवारजनों ने बताया कि गाड़ी की चार्जिंग के कारण नहीं बिजली पोल पर हुए शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लगी।

# भोजशाला मंदिर या मस्जिद नहीं गुरुकुल, जैन समाज की याचिका

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की धार भोजशाला की धार्मिक संरचना को लेकर हाई कोर्ट में नया पेंच आ गया है। भोजशाला को लेकर जैन समाज की ओर से नई जनहित याचिका प्रस्तुत हुई है। इसमें दावा किया है कि भोजशाला मंदिर, मस्जिद नहीं बल्कि जैन समाज का गुरुकुल है। पुरातत्व विभाग के सर्वे में मिली मूर्तियां जैन तीर्थंकरों की हैं। जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की युगलपीठ सुनवाई करेगी। जैन समाज इसके पहले भी इसी तरह की जनहित याचिका प्रस्तुत कर चुका है, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से प्रस्तुत इस जनहित याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट ने पूर्व में याचिका निरस्त करते हुए जैन समाज से कहा था कि वह चाहे तो भविष्य में दोबारा याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के बाद अब भोजशाला मामले में दोबारा सुनवाई शुरू हुई है, इसलिए उन्होंने दोबारा याचिका दायर की है। 20 मार्च को न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई होना है।

### भोजशाला का निरीक्षण करने पहुंची हाईकोर्ट की टीम

ऐतिहासिक भोजशाला में गुरुवार को इंदौर हाई कोर्ट का एक प्रतिनिधिमंडल कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा। दल ने परिसर का निरीक्षण किया और वापस लौट गया। यह दौरा आगामी सुनवाई से पहले जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई 2 अप्रैल को निर्धारित की है। इससे पहले, हाई कोर्ट के न्यायाधीश स्वयं भी भोजशाला पहुंचकर जमीनी हकीकत का जायजा लेंगे।

# लारेंस गैंग : व्यापारी के घर फायरिंग कर 10 करोड़ मांगे

**जागरण, खरगोन।** प्रदेश के खरगोन जिले में एक व्यापारी के घर पर फायरिंग कर 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। घटना कसरावद थाना क्षेत्र के भीलगांव में हुई, जब अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी दिलीप राठौर के घर पर गोलियां चलाईं। इस वारदात का लॉरेंस बिश्नोई गैंग कनेक्शन सामने आ रहा है। मालूम हो कि वारदात के समय राठौर का परिवार इंदौर में था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले में व्यापारी के बेटे सत्येंद्र राठौर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। एसपी रवींद्र वर्मा ने बताया कि फायरिंग की घटना की पुष्टि हुई है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद अज्ञात लोगों ने व्हाट्सऐप कॉल और वॉइस नोट के जरिए धमकियां दीं। आरोपियों ने फायरिंग का वीडियो भेजकर 10 करोड़ रुपए की मांग की और घर उड़ाने की धमकी दी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
कोटरा शाखा
भोपाल

**लॉकर धारकों के लिए सूचना**

लॉकर धारकों और बैंक के बीच निष्पादित सेफ डिपाजिट लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार लॉकर किराए का भुगतान न किए जाने के परिणामस्वरूप, टर्मिनेशन नोटिस और ब्रेक ओपन नोटिस डाक के माध्यम से निम्नलिखित लॉकर धारकों की उनके पंजीकृत पते पर भेजे गए थे। हालांकि उक्त नोटिस अप्राप्य शाखा में वापस आ गए हैं और उक्त लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार किए गए सभी अन्य प्रयासों के बावजूद, लॉकर धारकों ने न तो जवाब दिया है और न ही उनका पता लगाया जा सका है।

| लॉकर धारक का नाम एवं पता | नोटिस की तिथि | लॉकर संख्या | अतिदेय किराया |
|---|---|---|---|
| सुश्री आरती भदौरिया, 115, रेवेरा टाउन, फेस-2, माता मंदिर भोपाल- 462003 | 16.03.2026 | 2171AX0198 | ₹ 13,216/- +अन्य खर्चे |

उपरोक्त लॉकर एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार, हम आपको सूचित करते हैं कि यदि लॉकर को सरेंडर नहीं किया जाता है और लॉकर की चाबी इस नोटिस की तारीख से 3 महीने की अवधि के भीतर वापस नहीं की जाती है, तो हम दिनांक **16.06.2026** को दोपहर **12.00** बजे आपके लॉकर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू करेंगे, चाहे आप उपस्थित रहें या नहीं। और लॉकर को तोड़ते समय लॉकर से बरामद सामग्री की एक सूची, यदि कोई हो, तैयार की जाएगी।

इसके अलावा, अतिदेय किराया, जुमार्ना, शुल्क, लॉकर तोड़ने का शुल्क और अन्य खर्च आपसे वसूल किए जाएंगे तथा लॉकर में रखी सामग्री के साथ निष्पादित लॉकर एग्रीमेंट और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त संबंध में बैंक द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई बैंक के अधिकारों के अनुरुप और अविवादित होगी और इसकी लागत और जोखिम की जिम्मेदारी पूरी तरह आपकी होगी और बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

दिनांक : 16.03.2026
स्थान: भोपाल
शाखा प्रमुख/प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

बिजनेस प्लस

# एनबीसीसी द्वारा 5,800 करोड़ की राजस्थान मंडपम और संबद्ध अवसंरचना परियोजना निष्पादित की जाएगी



**जयपुर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में, सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल राजवर्धन राठौर, कैबिनेट मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य, कृष्ण कुमार विश्नोई, राज्य मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, वी. श्रीनिवास, मुख्य सचिव, राजस्थान, शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (आरआईआईसीओ), डॉ. केपी महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में, वीडियो प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राजस्थान मंडपम और संबद्ध अवसंरचना के सचित्र डिजिटल दृश्यों का अनावरण किया। इस अनावरण ने विश्वस्तरीय अवसंरचना निर्माण और इसे प्रगतिशील तथा निवेश के लिए तैयार गंतव्य के रूप में उसकी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में राज्य की यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित किया। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित यह महत्वाकांक्षी परियोजना जयपुर में 94.53 लाख वर्ग फुट के कुल निर्मित क्षेत्रफल (बीयूए) सहित 90 एकड़ से अधिक के भूखंड पर बनने की संभावना है। एनबीसीसी द्वारा इसका निष्पादन किए जाने के साथ इस संपूर्ण परियोजना का विकास आरआईआईसीओ द्वारा किया जा रहा है। एनबीसीसी एक सुदृढ़, स्व-वित्तपोषित मॉडल के माध्यम से परियोजना को कार्यान्वित करेगा, जिससे पारदर्शिता और दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए वित्तीय संधारणीयता सुनिश्चित होगी। राजस्थान मंडपम और उससे संबंधित विकास कार्यों के विस्तारित पैमाने और व्यापक दायरे को देखते हुए, परियोजना के कुल मूल्य का आकलन 5800 करोड़ से अधिक का किया गया है। यह परियोजना इस क्षेत्र पर दूरगामी आर्थिक और सामाजिक प्रभाव डालने वाले सबसे महत्वपूर्ण शहरी अवसंरचना पहलों में स्थापित हो जाती है।

# जब तक कांग्रेस सरकार नहीं बनेगी न माला पहनूंगा न साफा : अजय



**जागरण, छतरपुर।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने प्रदेश कांग्रेस सरकार न बनने तक सभाओं व कार्यक्रमामें माला और साफा न पहनने का संकल्प लिया है। यह संकल्प उन्होंने छतरपुर में कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए एक स्वागत के दौरान लिया। हालांकि सिंह ने उम्मीद जताते हुए कहाकि प्रदेश में 2028 में कांग्रेस की सरकार जरूर बनेगी और वे उसी के बाद माला व साफा पहनेंगे। यह कार्यक्रम छतरपुर जिले में गुरुवार को सटई रोड स्थित वार्ड पार्षद और प्रभा स्कूल संचालक द्वारा रखा गया था। इस दौरान कांग्रेस विधायक सिंह ने कहाकि भाजपा सरकार जनता के मुद्दों पर चर्चा से बचती है और दबाव की राजनीति करती है। मेरा यह संकल्प पार्टी के संगठन को मजबूत करने और पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से जोड़ने की भावना से प्रेरित है। अपने भ्रमण का लक्ष्य भी उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करना और निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय में नोटिस चस्पा करने जैसी घटनाओं के बावजूद कांग्रेस पूरी तरह तैयार है और भाजपा की दबाव वाली राजनीति का सामना करेगी।

# दिन में अनुशासन व गंभीरता का प्रशिक्षण, रात होते भाजपा नेताओं ने किया डिस्को-ब्रेकडांस, उड़ाए नोट

**जागरण, इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल स्तर पर दिए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का इंदौर में अजीबोगरीब ढंग से समापन किया गया। दिन भर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन और गंभीरता का पाठ पढ़ाया, लेकिन शाम ढलते ही प्रशिक्षुओं ने पूरे किए कराए पर पानी फेर दिया। प्रशिक्षण के समापन पर भाजपा के नेताओं ने डांस नाइट का आयोजन कर फिल्मी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। किसी ने डिस्को डांस किया तो कोई ब्रेकडांस करता रहा। वहीं इंदौर के विधायक डांस करते पार्षदों व कार्यकर्ताओं पर रह-रहकर नोट उड़ाते हुए खुद भी थिरकते दिखे। दुखद बात यह है कि बुधवार को ही इंदौर के बंगाली चौराहे पर एक आगजनी में 8 लोगों की मौत हो गई। उसी रात भाजपा नेताओं का मस्ती करते वायरल हुए वीडियो ने पूरे प्रशिक्षण पर ही सवाल खड़े कर दिए। यह मंडल प्रशिक्षण वर्ग मिष्टी गार्डन में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के बाद रात में जुटे भाजपा नेता मस्ती और मनोरंजन के मूड में आ गए। इसमें नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा डिस्को करते नजर आ रहे थे तो विधायक गोलू शुक्ला थिरकते हुए पैसे न्योछावर करते रहे।

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लि., भोपाल
CIN : U02001 MP 1975 SGC 001341
Please visit our Website: www.mpsfdc.com
Phone : RGM Bhopal-0755-2674298

**सर्वसाधारण के सूचनार्थ वनोपज परिवहन सूचना 2025-26**

म.प्र. राज्य वन विकास निगम के रामपुर-भतौड़ी, बैतूल परियोजना मंडल के परिवहन समूहों से काष्ठ एवं जलाऊ चट्टे के विभिन्न स्थाई काष्ठागारों/अस्थाई काष्ठागारों में/ट्रक/ट्रेक्टर से परिवहन हेतु, प्रत्येक समूह के लिये, निर्धारित फार्म में पृथक-पृथक सीलबंद एकल दिवस निविदा निम्नानुसार आमंत्रित हैं :-

| निविदाओं का दौर | निविदा जमा करने की तिथि/समय | | संबंधित क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में खोलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| | संभागीय प्रबंधक कार्यालय में | क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में | |
| सप्तम | दिनांक 25.03.2026 4 बजे सायं तक | दिनांक 26.03.2026 2 बजे दोपहर तक | दिनांक 26.03.2026 3 बजे दोपहर |

**नोट :** (1) सत्यंकार राशि के रूप में राशि रु. 3000/- (रु. तीन हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो, एवं संभागीय प्रबंधक के पक्ष में उनके मुख्यालय की स्थानीय बैंक में देय हो। (2) निर्धारित फार्म संबंधित संभागीय प्रबंधक कार्यालय में रु. 100/- जमा करने पर दिनांक 23.03.2026 से किसी भी कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। (3) विस्तृत निविदा जिन शर्तों के तहत मान्य होगी उनका उल्लेख निविदा फार्म में है और उन शर्तों की पूर्ति न किये जाने की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं किये जाने का अधिकार संबंधित संभागीय प्रबंधक को होगा। (4) वनोपज की परिवहन अवधि 31 मई, 2026 तक रहेगी एवं ठेका अवधि 30 जून, 2026 तक रहेगी। (5) दिनांक 26.03.2026 को सप्तम दौर निविदा के खुलने के पश्चात् उसी दिन अवशेष समूहों का नीलाम द्वारा निर्वतन किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/124979/2026
प्रबंध संचालक

# शादी से नाबालिग को उठा ले गए 4 युवक, सुबह घर के पास मिली लाश

**जागरण, रतलाम।** जिले के सरवन क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह के बीच से चार युवक एक नाबालिग लड़की को उठाकर ले गए। सुबह चार बजे पिता ढूंढने निकले तो मालूम पड़ा कि उसे चार युवक ले गए थे। ढूंढने पर नाबालिग घर के करीब सड़क पर मृत अवस्था में पड़ी मिली। संदिग्ध हालत में शव मिलने पर पिता ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। जबकि पूछताछ के बाद ही तीन आरोपी फरार हो गए। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच में जुटी है। मामला रतलाम के सरवन थाना इलाके में सेमलखेड़ा ग्राम पंचायत के एक गांव का है। यहां नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि गांव में बुधवार रात गांव में रहने वाले परिवार में शादी थी। उनकी दोनों बेटियां रात 10 बजे शादी में गई थी। घर पर मां, छोटा भाई और दादा-दादी थे। पिता गेहूं काटने मजदूरी पर गया था। जब वह गुरुवार सुबह 4 बजे घर लौटा तो परिजनों ने बताया कि दोनों बेटियां शादी से अब तक नहीं लौटी हैं। वह शादी वाले घर पहुंचा, जहां बेटी की सहेली मिली। सहेली ने पिता को बताया कि उनकी बड़ी बेटी तो रात 3 बजे ही घर चली गई थी। छोटी बेटी वहीं पर थी। उसने बताया कि दीदी को चार लड़के लेकर गए हैं। वह जोर से चिल्लाई भी थी, लेकिन डीजे की तेज आवाज में उसकी चीख सुनाई नहीं पड़ी। छोटी बेटी ने अपने पिता को उन चारों लड़कों के नाम भी बताए। इसके बाद बदहवास पिता ने एक-एककर चारों लड़कों के घर जाकर पूछताछ की।

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of The Addl. C.E. (P&W), Shree Singaji Thermal Power Project
Dongalia Distt. Khandwa (M.P.), E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com
Website : www.mppgcl.mp.gov.in
No. : 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/10898
Date : 18.03.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) Including GST | EMD & Tender Cost in Rs. | Due Date & Time for Closing Online Submission |
|---|---|---|---|
| Procurement of LED Lamps and LED lighting luminaries installed at 2x660 MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2026_MPPGC_485387_1) | Rs. 39,12,405/- (including G.S.T.) | 78,200/- & 1000/- | 07.04.2026 Up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at www.mptenders.gov.in
M.P. Madhyam/125003/2026
// SAVE ELECTRICITY //
SE (P&W)

**कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल विदिशा म. प्र.**

क्रमांक 01/निर्वाह/2026
विदिशा, दिनांक 11/03/2026

वार्षिक ठेका
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
वर्ष 2026-27 हेतु
(प्रथम आमंत्रण)

जिला जेल विदिशा में पदस्थ अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये से वाहन लिये जाने हेतु निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मीटिंग की तिथि | दिनांक 23.03.2026 प्रात:11:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल विदिशा |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि- (निविदा फार्म का मूल्य 500 रुपये प्रतिफार्म- राशि लेखा शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियां में आनलाईन जमा की जावेंगी) | दिनांक 02.04.2026 समय शाम 05:30 बजे तक | वेबसाईट https: //www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेंगे। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 02.04.2026 समय शाम 05:30 बजे तक | वेबसाईट https: //www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि- | दिनांक 04.04.2026 को समय दोपहर 12:30 बजे | जेल अधीक्षक जिला जेल विदिशा कार्यालय में |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि- | दिनांक 06.04.2026 समय दोपहर 12:30 बजे | जेल अधीक्षक जिला जेल विदिशा कार्यालय में |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या आनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखें। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट पर किया जायेगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।

जी-27605/25
बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल
जेल अधीक्षक
जिला जेल विदिशा

**कार्यालय नगर परिषद खिरकिया जिला-हरदा (म.प्र.)**

क्र./256/लोनि/न.पं./2026
खिरकिया, दि. 17/03/2026

**ई टेण्डर आमंत्रण सूचना**

सर्व पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद खिरकिया जिला हरदा द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आईडी नंबर | सामग्री का नाम | सामग्री की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. राशि | निविदा प्रपत्र क्रय की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_UAD_491301_1 | जलप्रदाय सामग्री की दरें प्रस्तुत करने बाबत । | (1) वर्ष 2026-27 (2) 10.00 लाख | (1) 2000.00 (2) 10000.00 | 18.03.2026 10.00 | 02.04.2026 17.30 | 04.04.2026 10.30 |
| 2 | 2026_UAD_491271_1 | जलप्रदाय विभाग अन्तर्गत फिल्टर प्लांट एवं इंटेकवेल पर स्थित मशीनरी के मरम्मत कार्य में लगने वाली सामग्री क्रय बाबत् । | (1) वर्ष 2026-27 (2) 10.00 लाख | (1) 2000.00 (2) 10000.00 | 18.03.2026 10.00 | 02.04.2026 17.30 | 04.04.2026 10.30 |
| 3 | 2026_UAD_491424_1 | जे.सी.बी., पोकलेन एवं अन्य मशीनरी किराये से लेने हेतु दरें प्रस्तुत करने बाबत। | (1) वर्ष 2026-27 (2) 10.00 लाख | (1) 2000.00 (2) 10000.00 | 18.03.2026 10.00 | 02.04.2026 17.30 | 04.04.2026 10.30 |
| 4 | 2026_UAD_491428 _1 | मुरूम प्रदाय करने हेतु दरें प्रस्तुत करने बाबत् । | (1) वर्ष 2026-27 (2) 10.00 लाख | (1) 2000.00 (2) 10000.00 | 18.03.2026 10.00 | 02.04.2026 17.30 | 04.04.2026 10.30 |

नोट :-
1. निविदा से संबंधित शर्तें कार्यालयीन समय मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की दरें जी.एस.टी. राशि सहित प्रदाय करना होगी।
2. निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

श्रीमति इन्द्रजीत खनूजा, अध्यक्ष, न. प. खिरकिया
श्री विजयंत गौर, उपाध्यक्ष, न. प. खिरकिया
श्री नितिन गुप्ता, सभापति लो.नि.वि, न. प. खिरकिया
श्री विष्णुप्रसाद यादव, उपयंत्री, न. प. खिरकिया
श्री महेन्द्र शर्मा, मु.न.पा. अधिकारी, न. प. खिरकिया

# मेसी @९००, फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

## कॉनकाफ चैंपियंस कप: इंटर मियामी के खिलाफ मैच ड्रॉ, नैशविले क्वार्टर फाइनल में

जेएनएन, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मेसी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेसी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। इसी के साथ वे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद 900 गोल करने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। नैशविले ने हालांकि मेसी को इस उपलब्धि का जश्न नहीं मानने दिया, क्योंकि उसने इंटर मियामी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपने प्रतिद्वंद्वी के घरेलू मैदान पर गोल करने के आधार पर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते नैशविले में राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में गोलरहित ड्रॉ खेला था। यह उपलब्धि मेसी के करियर में अनगिनत पुरस्कारों और उपलब्धियों में शामिल हो गई है। इनमें ला लीगा के शीर्ष स्कोरर के रूप में आठ ट्रॉफी, छह बार ला लीगा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार यूईएफए पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार, दो फीफा विश्व कप गोल्डन बॉल और 15 बार अर्जेंटीना का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना शामिल हैं। मेसी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।



### मेसी के ९०० गोल

| क्लब/टीम | गोल |
|---|---|
| बार्सिलोना | 672 |
| पीएसजी | 32 |
| इंटर मियामी | 81 |
| अर्जेंटीना | 115 |

### सबसे ज्यादा करियर गोल

| खिलाड़ी | देश | गोल |
|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 965 |
| लियोनल मेसी | अर्जेंटीना | 900 |
| पेले | ब्राजील | 762 |
| रोमारियो | ब्राजील | 756 |
| फेरेन्क पुस्कस | हंगरी/स्पेन | 725 |

### रोनाल्डो से तेज मेसी

रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेसी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में अपने करियर के 900 गोल पूरे किए। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेसी जून में 39 वर्ष के होंगे। कुछ का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे। विभिन्न स्रोतों के अनुसार पेले ने लगभग 1300 गोल किए थे। इनमें से कुछ गोल उन्होंने निचले स्तर की टीमों के खिलाफ किए थे। पेले ने लीग मैचों में लगभग 650 गोल किए थे।

चैंपियंस लीग में गोल की बरसात

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में



● लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपाई कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया।

जेएनएन, लंदन

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में रियाल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख आमने-सामने होंगे। लिवरपूल का सामना मौजूदा चैंपियन पीएसजी से, बार्सिलोना का एटलेटिको मैड्रिड से और आर्सेनल का स्पोर्टिंग लिस्बन से होगा।

▸▸ बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की। इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज ने एक शानदार मूव को गोल में बदला, जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया।



मैदान से हटकर

## कार्तिक के घर गूंजी किलकारी दीपिका ने दिया बेटी को जन्म


पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल ने बेटी को जन्म दिया है। दीपिका मशहूर स्क्वाश खिलाड़ी हैं। दोनों ने तीसरे बच्चे का स्वागत किया। 2021 में उनके जुड़वां बच्चे हुए। कार्तिक और पल्लीकल 2021 में जुड़वां बेटों के पिता बने थे, जिनका नाम कबीर और जियान है। कपल ने बेटी का नाम नाम राहा रखा है। कार्तिक ने गुरुवार (19 मार्च) को इंस्टाग्राम पर शेयर की गई पोस्ट में बताया, दिल में दुआओं और शब्दों से परे शुक्रिया के साथ हम खुशी-खुशी अपनी प्यारी बच्ची का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। कबीर और जियान अपनी छोटी बहन राहा पल्लीकल कार्तिक को परिचित कराते हुए बहुत खुश हैं। प्यार, दीपिका और दिनेश। 40 वर्षीय कार्तिक की पोस्ट पर फैंस के जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। कई बड़े क्रिकेटर ने भी उन्हें बेटी के जन्म पर शुभकामनाएं दीं। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कमेंट बॉक्स में हार्ट इमोजी शेयर की। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने लिखा, बधाई हो भाई।ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कमेंट किया, शुभकामनाएं अन्ना। कार्तिक आरसीबी के मेंटोर हैं। फ्रेंचाइजी ने कार्तिक को बधाई हुए लिखा, राहा के लिए ढेर सारा प्यार और एक छोटी सी आरसीबी जर्सी भेज रहे। बता दें कि कार्तिक और पल्लीकल साल 2015 में शादी के बंधन में बंधे थे। (जेएनएन)




आईपीएल 28 मार्च से: सीएसके, पंजाब और राजस्थान को झटका

# एलिस बाहर, कुरेन का खेलना मुश्किल लॉकी फार्ग्युसन शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 28 मार्च से शुरू होने जा रहे आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स को झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस आईपीएल से बाहर हो गए हैं, तो वहीं न्यूजीलैंड के लॉकी फार्ग्यूसन (पंजाब) और इंग्लैंड के सैम कुरेन (राजस्थान) की उपलब्धता पर संशय है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। 31 साल के एलिस से उम्मीद थी कि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे, क्योंकि श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना को केकेआर ने अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सीएसके के अधिकारी ने बताया कि हां, वह बाहर हो गए हैं। हमने अभी तक उनके विकल्प के बारे में कोई फैसला नहीं किया है। एलिस ने 17 आईपीएल मैचों में 19 विकेट लिए हैं। उन्हें पंजाब के साथ चार सत्र बिताने के बाद 2025 की मेगा नीलामी में सीएसके ने दो करोड़ रुपए में खरीदा था और 2026 सत्र से पहले उन्हें टीम में बरक रार रखा गया था।



### परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं तेज गेंदबाज फार्ग्युसन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फार्ग्युसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। हाल ही में पिता बने फार्ग्यूसन टूर्नामेंट के बाद के चरण में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए न्यूजीलैंड की टीम से जुड़ने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देना चाहते हैं। फार्ग्यूसन की अनुपस्थिति में पंजाब अपने प्राथमिक 12 में बेन ड्वारश्विस को शामिल कर सकती है। पंजाब ने ड्वारश्विस को नीलामी में 4.2 करोड़ में खरीदा था। ड्वारश्विस के अलावा पंजाब के दल में अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, वैशख विजयकुमार और मार्कस स्टॉयनिस शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले फार्ग्यूसन ने ऑकलैंड में कहा कि मेरा अभी बेटा हुआ है। मैं घर पर जितना संभव हो सके समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का ब्रेक मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरण और सर्दियों के दौरों के लिए रवाना हो जाऊंगा। ब्लैक कैप्स (न्यूजीलैंड) के लिए खेलना हमेशा से गर्व की बात रही है। भारत में इस समूह के साथ बिताए गए समय का मैंने काफी लुत्फ उठाया। लेकिन दुर्भाग्यवश मुझे सीजन की शुरुआत में चोट लग गई थी।


### इंग्लैंड के सैम कुरेन को ग्रोइन में चोट

ग्रोइन में चोट की आशंका के चलते राजस्थान रॉयल्स के सैम कुरेन का आईपीएल सीजन से बाहर होना तय माना जा रहा है। कुरेन ने पिछला मुकाबला 5 मार्च 2026 को भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप 2026 का सेमीफाइनल खेला था, जिसमें इंग्लैंड को हार मिली थी। कुरेन ने 2019 में पंजाब किंग्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और राजस्थान तीसरी टीम होती, जिनके लिए वह आईपीएल खेलते। 2020 और 2021 में सीएसके के लिए खेलने के बाद कुरेन को पंजाब ने 18.5 करोड़ में अपने दल में शामिल किया था और वह उस समय लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने थे। 2024 में कुरेन ने पंजाब के लिए ही खेला, लेकिन 2025 में सीएसके ने 2.4 करोड़ में नीलामी में खरीद लिया।




# इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड में टी-20 मैच खेलेगा भारत, स्टर्लिंग ने छोड़ी कप्तानी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के दौरे से पहले विश्व चैंपियन भारत जून में टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा। आयरलैंड के हाई परफोरमेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस सीरीज की पुष्टि तब की जब उन्होंने पॉल स्टर्लिंग के टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हटने के फैसले की घोषणा की। भारत 20 जून को खत्म होने वाली एक टेस्ट और तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है। इसके बाद भारत एक जुलाई से 19 जुलाई तक पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगा, जबकि आयरलैंड सीरीज इंग्लैंड सीरीज से पहले होगी। ग्राहम वेस्ट ने कहा कि भारत के साथ होने वाली यह सीरीज उनकी आने वाली गर्मियों की योजनाओं का हिस्सा है। भारत ने पिछले सात साल में तीन बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। स्टर्लिंग वनडे में आयरलैंड की कप्तानी करना जारी रखेंगे और उन्होंने कहा कि वे सभी प्रारूपों में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### तेंदुलकर के समर्थन से खुलेगी क्रिकेट अकादमी

**अहमदाबाद, जेएनएन।** सचिन तेंदुलकर के समर्थन से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी 10 अप्रैल से शुरू होगी, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की एक टीम मार्गदर्शक के रूप में पांच वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देगी। एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब वह संचालन के लिए तैयार है। इस अकादमी के बुनियादी ढांचे में पेशेवर क्रिकेट नेट, मैचों के आयोजन के लिए मैदान, आधुनिक साजो समान से सजा जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल हैं। एसआरटी10 ग्लोबल अकादमी पहले से ही नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित की जा रही है।

### अगरकर ने 2027 विश्व कप तक कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने बीसीसीआई से अपने कार्यकाल को 2027 वनडे विश्व कप तक बढ़ाने की औपचारिक गुजारिश की है। दरअसल, 2024 टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की खिताबी सफलता के बाद आईपीएल 2025 से ठीक पहले अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट एक साल के लिए बढ़ाया गया था। अब घरेलू सरजमीं पर टी-20 वर्ल्ड कप खिताब बचाने के बाद उन्होंने अपने कार्यकाल को और लंबा करने की इच्छा जताई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुद्दे पर बोर्ड के अंदर शुरुआती स्तर पर चर्चा भी हो चुकी है। हालांकि, अंतिम फैसला अभी बाकी है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया जाना है, जब भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अहम चरण में है और साथ ही 2027 वनडे विश्व की तैयारियों का रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। अगरकर जून 2023 से मेंस सीनियर चयन समिति के चेयरमैन हैं।

### 2028 विश्व इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत को गुरुवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए, जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने बताया कि भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

# बबलेश की तूफानी पारी से विदिशा ने ग्वालियर को हराया, साहेब एकादश 7.3 ओवर में जीता

**भोपाल, खेप्र।** विदिशा और साहेब एकादश ने स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आयोजित नौवें मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आसान जीत दर्ज की। विदिशा ने ग्वालियर को 24 रन से हराया। साहेब एकादश की टीम आठ विकेट से जीती। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदिशा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 164 रन बनाए। एक समय टीम 45 रन पर 7 विकेट गंवा चुकी थी। बबलेश ने 36 गेंद पर 81 और नीलेश ने 24 रन का योगदान दिया। जवाब में ग्वालियर की टीम 140 रन ही बना सकी। हिमांशु तिवारी ने 48 और शैलेष शुक्ला ने 40 रन बनाए। विदिशा के नीलेश ने 3 विकेट लिए। गुंजन और प्रहलाद सिंह को दो-दो सफलता मिली।

ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट




शेडो हॉक्स 13.1 ओवर में 89 रन पर सिमट गई। कान्हा मित्तल ने 27 और अमन सिंघई ने 21 रन का योगदान दिया। साहेब एकादश के विनोद पाल ने 12 रन देकर 5 विकेट लिए। जवाब में साहेब एकादश ने 7.3 ओवर में 2 विकेट खोकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। पीयूष टंडन ने 36 और कार्तिकेय दुबे ने 34 रन का योगदान दिया। आदित्य और इल्लू ने 1-1 विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड बबलेश और विनोद को प्रदान किया गया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया।

**आईपीएल:** चोटों के चलते पंजाब के लिए पिछले सीजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे चहल

# पंजाब किंग्स के लिए अपना 150 फीसदी देने मैंने फिटनेस पर काम किया, शराब भी छोड़ी: युजवेंद्र

जेएनएन, नई दिल्ली

पिछले सीजन चोटों से जूझने के बाद युजवेंद्र चहल ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है और 35 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए अपना 150 फीसदी देने के लिए शराब भी छोड़ दी है। चहल ने एबीडी विलियर्स के यूट्यूब चैनल एबीडी विलियर्स 360 पर कहा कि केकेआर के मैच के बाद मेरा हिप फ्रैक्चर हो गया और बाद में मेरे उंगली का जोड़ भी फ्रैक्चर हो गया। इसलिए सेमीफाइनल (क्वालिफायर्स) और फाइनल में ढंग से अपनी लेग स्पिन नहीं डाल पा रहा था, लेकिन इस साल सबसे पहले मैंने अपने शरीर पर ध्यान देने का फैसला किया और मेरे पास आपके लिए एक अच्छी खबर है- मैंने शराब छोड़ दी है। इसे छह महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। मैं अब 35 वर्ष का हो चुका हूं, मैं और अधिक सक्रिय होना चाहता हूं और टीम के लिए 150 फीसदी देना चाहता हूं। एक सीनियर खिलाड़ी और गेंदबाज के रूप में मुझे लोग देखेंगे और कहेंगे, हमें इस आदमी से कुछ सीखने की जरूरत है।



### कोच-कप्तान से संपर्क करना आसान

चहल पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर से दोबारा जुड़ने के लिए तैयार हैं, जिनके नेतृत्व में पंजाब ने 11 वर्षों में पहली बार फाइनल तक का सफर तय किया। चहल ने कहा, रिकी और श्रेयस ने आईपीएल में साथ में दिल्ली कैपिटल्स के लिए काम किया था। तो उनके बीच काफी मधुर संबंध हैं और मैं मुंबई इंडियंस में रहते हुए पोंटिंग साथ खेल चुका हूं। लेकिन जब मैं उनसे मिला तो वह खिलाड़ियों और उनकी भूमिका को लेकर स्पष्ट थे। एक खिलाड़ी के तौर पर आप यही चाहते हैं। उनसे संवाद स्थापित करना काफी सरल है- आप उनके पास जा सकते हैं- रिकी को कभी भी मेसेज कर सकते हैं और वह हमेशा उपलब्ध थे। यही चीज श्रेयस के साथ भी है। वह यह महसूस नहीं होने देते कि वह कप्तान हैं।

